हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार, 13 जनवरी, 2024



# राममंदिर के लिए चले 500 वर्ष के संघर्ष में बलिदान देने वालों को याद करने व 22 जनवरी को ऐतिहासिक दिन बनाने भाजपा जिले में निकालेगी 154 किमी की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को भव्य रुप देने के लिए जहां केंद्रीय स्तर पर तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है, वहीं इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्राण प्रतिष्ठा से पहले भाजपा इसको लेकर एक यात्रा निकालने की तैयारी में है। 16 जनवरी से निकाली जाने वाली तीन दिवसीय इस यात्रा के दौरान भाजपा द्वारा बनाए गए रामदूत सभी चार विधानसभा में पहुंचने वाले है।

इस दौरान पिछले 500 वर्ष तक राम मंदिर के लिए चले संघर्ष में बलिदान देने वाले कारसेवकों का सम्मान भी करेगी, इसके अलावा जिन कारसेवकों ने मंदिर के लिए आंदोलन में सहयोग देने वालों को भी सम्मानित किया जाएगा। मिली जानकारी अनुसार भाजपा इसी तारतम्य में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति का गठन किया गया है जो की जिले में प्रत्येक गांव प्रत्येक घर तक यह संदेश पहुंचाएगी की 22 जनवरी को दीपावली पर्व की भांति घर आंगन को सजाकर पूरे देश में राममय वातावरण का निर्माण हो। इस यात्रा के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने समिति की घोषणा की है, जिसमें संयोजक के रूप में मूलचंद लोधी, सह सयोजक रवि सिन्हा एवं 10 सदस्यी समिति बनाई गई है। समिति में चुन्नी यदु, प्रवेश ठाकुर, मनीष त्रिपाठी, अनंत तिवारी, सुमित मिश्रा, तेजलाल वर्मा, नीलाभ यदु, अक्षय पटेल, आनंद साहू को नियुक्त किया है। यह समिति ही यात्रा की जिम्मेदारी संभालने वाली है।

## यात्रा के लिए तैयार हो रहा स्पेशल रथ, राम-लक्ष्मण सहित सीताजी और रहेंगे हनुमान

### कारसेवकों का सम्मान भी

मिली जानकारी के अनुसार भाजपा अपनी इस यात्रा के दौरान चारों विधानसभा में कारसेवकों का सम्मान भी करने वाली है। बताया गया कि जगह-जगह पर स्टेज बनाए जा रहे है, इनमें जिस कारसेवक का घर जिस इलाके के समीप होगा उसे वहीं पर सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए भाजपा ने अपने सभी मंडल अध्यक्षों को कारसेवकों की सूची बनाने का काम भी सौंप दिया है।

### खास बातें

- तीन दिवसीय यात्रा के साथ चलेंगे 100 रामदूत, सूची बनी
- हर विधानसभा तक पहुंचेगी यह यात्रा
- डीजे की धुन में गूंजेगा राम भजन



### इन रुट से निकलेगी यात्रा

बताया गया कि भाजपा द्वारा निकाले जाने वाली इस यात्रा की शुरुआत 16 जनवरी को टेडेसरा से होगी, जहां से यात्रा आगे बढ़ते हुए सोमनी, सुंदरा, राजनांदगांव शहर होकर अजुडोंगरगांव पहुंचेगी और यही रात्रि विश्राम होगा। इसके बाद 17 को यात्रा डोंगरगांव से निकलकर छुरिया, एलबीनगर होकर डोंगरगढ़ पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम होगा। वहां से यात्रा 18 जनवरी को निकलकर धारा, मोहारा होकर घुमका पहुंचेगी जहां उसका समापन होगा।

---

छापामार कार्रवाही

## अवैध धान परिवहन और भंडारण: 750 कट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम डोंगरगांव एके पुसाम के नेतृत्व में राजस्व और मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने डोंगरगांव, अर्जुनी एवं कुमरदा क्षेत्र के कोचियों और बिचौलियों के अवैध धान परिवहन और भण्डारण पर जप्ती की कार्रवाई की गई। अवैध धान भण्डारण के 499 कट्टा धान और अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर 266 कट्टा धान जब्त किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव अश्वन कुमार पुसाम ने बताया कि डोंगरगांव अनुविभाग के अंतर्गत नगर पंचायत डोंगरगांव, ग्राम अर्जुनी, महाराजपुर, धनगांव, सेवताटोला एवं अन्य ग्रामों में धान के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के गोदाम का स्थल जांच एवं अनुविभाग डोंगरगांव अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में धान का अवैध परिवहन का औचक जांच किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम सेवताटोला डोंगरगांव में अंकित ट्रेडर्स, सक्षम ट्रेडर्स, विद्याश्री ट्रेडर्स, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता ग्राम अर्जुनी तथा अन्य गोदाम की जांच की गई। जिसमें अंकित ट्रेडर्स डोंगरगांव में बी 1 रजिस्टर संधारण नहीं करने पर 250 कट्टा धान, सक्षम ट्रेडर्स डोंगरगांव में मंडी एक्ट के तहत 160 कट्टा धान, सुदामा यादव द्वारा अतुल राईस मिल लालबाग राजनांदगांव से बिना अनुज्ञा, बिना परिवहन पास के बांधाबाजार जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी मुरारी के गोदाम में अवैध परिवहन करते 125 कट्टा धान, ग्राम गिरगांव से खुर्सीपार छुरिया में वाहन चालक द्वारा धान विक्रय हेतु अवैध परिवहन किये जाने पर 71 कट्टा धान, डोंगरगांव से केरेगांव छुरिया विकासखंड में अवैध परिवहन करते 70 कट्टा धान, अमरचंद जैन फुटकर विक्रेता अर्जुनी में मंडी एक्ट के तहत 53 कट्टा धान तथा ग्राम धनगांव में 36 कट्टा धान की जप्ती की कार्रवाई की गई।

---

नहीं सुधरे हाल : स्वच्छता सर्वे में नांदगांव देश में 79 और प्रदेश में 7वें स्थान पर रहा

# कचरा निवारण में पिछड़े, पब्लिक टॉयलेट की सफाई कमजोर, सर्टिफिकेशन में भी कम अंक

केंद्र सरकार द्वारा हर शहर की सफाई का आकलन करने के लिए कराए जाने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के वर्ष 2023 में किए गए सर्वे का परिणाम सामने आ गया है। इस सर्वे में शहर की रैंकिंग सुधरने की आस लगाकर बैठे शहरवासियों को फिर एक बार बड़ा झटका लगा है, शहर की रैंकिंग सुधारने छोड़ और बिगड़ गई है। पूरे देश में राजनांदगांव को सर्वे में 79 रैंक मिला है, जबकि प्रदेश के जिन 10 शहरों ने इसमें हिस्सा लिया था उनमें राजनांदगांव सातवें पायदान पर रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव शहर को साफ रखने के लिए करोड़ों रुपए फूंके जा रहें है, एक हजार के करीब कर्मचारी सफाई व्यवस्था संभाल रहें है। इसके बाद भी अफसरों द्वारा सही मॉनिटरिंग नहीं करने और देखरेख के अभाव के चलते रैंकिग पिछड़ती जा रही है। इस बार के सर्वे में नांदगांव का रैंक पिछे होने के कुछ प्रमुख कारण सामने आए है, जिनमें कचरे का निवारण सही तरीके से नहीं करना, पब्लिक टायलेट की नियमित व सही तरीके से सफाई नहीं होने के साथ ही कचरे को पृथक करने में भी नांदगांव की स्थिति खराब पाई गई है।

उल्लेखनीय है कि साल 2016 से केंद्र की मोदी सरकार द्वारा शुरु किए गए इस कार्यक्रम के तहत हर साल केंद्रीय टीम शहर आकर सफाई का आकलन करती है। इस टीम के आने से ठीक पहले निगम अपनी स्थिति सुधारने में लग जाता है, वहीं जब अफसर आते है तो बेहतर रैंक पाने के लिए उनकी खातिरदारी में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। हालांकि रैंक सुधारने के लिए जो प्रयास जमीनी स्तर पर करना चाहिए वह निगम नहीं करता है, जिसके चलते ही लगातार रैंकिंग में अब बाकी शहरों से पिछड़ रहे है।

### दुर्ग रायगढ़ से ही आगे

स्वच्छता सर्वे में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरो में शामिल राजनांदगांव को प्रदेश में सातवां और देश में 79वां पायदान मिला है। जबकि प्रदेश के दस शहर ही इसमें शमिल हुए थे, इनमें देशभर में रायपुर 12, कोरबा 26, अंबिकापुर 27, बिलासपुर 28, रिसाली 64, भिलाई नगर 78, दुर्ग 84 और रायगढ़ 95 स्थान पर है।




### थ्री स्टार पर अटके

स्वच्छता सर्वेक्षण अलग-अलग मापदंड के तहत किया जाता है, जिसमें से एक अहम हिस्सा सर्टिफिकेशन का होता है। इसमें कचरा मुक्त शहर और खुले में शौच मुक्त शहर के लिए भी रैंकिंग जारी की जाती है। राजनांदगांव को पिछले तीन सालो से लगातार कचरा मुक्त शहर के मामले में थ्री स्टार मिल रहा है, जबकि पाटन और रायपुर जैसे शहरों ने अपनी स्थिति सुधारते हुए इस बार पांच स्टार हासिल किए है। ऐसे ही खुले में शौच मुक्त के लिए भी शहर को ओडीएफ डबल प्लस ही मिल रहा है।

### नेताओं की ठेकेदारी भी बड़ा कारण

शहर की सफाई व्यवस्था खराब होने के पीछे निगम के सत्ता धारी दल के कुछ नेता भी है। सत्ताधारी दल ने अपने नेताओं को खुश रखने सफाई ठेके को ही आपस में बांट दिया है। महिला समूह की आड़ में निगम सरकार के लोगों द्वारा चलाए जा रहे ठेके के कारण सफाई व्यवस्था पटरी से उतर गई है। वहीं इन ठेकेदारों के खिलाफ निगम प्रशासन के अफसरों द्वारा भी कार्रवाई करने से बचा जा रहा है।



### 9000 अंक के सर्वे में मिले 6310 नंबर

स्वच्छता सर्वे कुल 9000 अंको के लिए था। इनमें तीन कैटेगरी बांटी गई थी, जिसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 4830 अंक में से शहर को 3287 अंक मिले है, सर्टिफिकेशन में 2500 अंक में 725 अंक मिले है। तीसरा सिटीजन फीडबैक है, इसमें सफाई का स्तर जांचने के लिए लोगों से सवाल किए जाते है इसके लिए अधिकतम 2170 अंक निर्धारित है जिसमें से शहर को 1572 अंक दिए गए है।

---

## देशी प्लेन व मसाला शराब बरामद, 7 आरोपियों पर पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



धरपकड़ अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने के सात अलग अलग मामलों में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से देशी प्लेन व मसाला शराब बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम अभियान के तहत 12 जनवरी को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 4 प्रकरण में 4 आरोपियों, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा 1 प्रकरण में 1 आरोपी, थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 1 प्रकरण 1 व्यक्ति, सभी आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस कार्रवाई से अवैध रूप से शराब बिक्री करने व परिवहन करने वालों में हडकम्प मच गया है। जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब परिवहन की रोकथाम हेतु यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस जवान से मारपीट

- तीन आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाहन चेंकिग के दौरान तीन सवारी बाईक के चालक द्वारा यातायात पुलिस वालों को गंदी-गंदी गाली गलौच कर हमला कर हाथ-मुक्का से मारपीट कर शासकीय कार्य मे बाधा उत्पन्न किया गया। इस मामले में बसंतपुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 11 जनवरी को प्रार्थी निरीक्षक अजय खेस यातायात शाखा के द्वारा अपने स्टाफ के साथ उच्च अधिकारीयो के आदेशानुसार वाहन चेकिंग हेतु स्टाफ आरक्षक ओम प्रकाश सिन्हा एंव चालक आरक्षक संदीप कुर्रे के साथ शासकिय वाहन व चालानी बुक के साथ अनुपम नगर फुरसत के पल चौक के पास चेकिग पाईट लगाया गया था।

पंचनामा में हस्ताक्षर नहीं करने की बात को लेकर बाईक के चालक एव उनके साथी द्वारा यातायात पुलिस के अधिकारी एंव स्टाफ के साथ गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। जिससे पुलिस अधिकारी एंव उनके स्टाफ को चोट लगा तथा तथा स्टाफ के पहने हुए वर्दी को फाड़ देने की रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 186, 353, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

⏩ शेष पेज 10 पर

### भागने का प्रयास कर रहे थे

इस दौरान तीन सावारी , ट्रैफिक नियमो का उलंघन व शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर चालानी कार्यवाही किया जा रहा था। उसी समय रात्रि लगभग साढे 8 बजे के आसपास चौपाटी की ओर से आ रही बाईक मे तीन सवारी आने पर स्टाफ के द्वारा रोकने का इशरा किया किन्तु बाईक चालक द्वारा बाईक को न रोककर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिसे दौडाकर रोका गया रोकने पर से बाईक के चालक के मुंह से शराब की गंध आने से शराब मापने वाले मशीन से जांच करने पर बाईक चलाक द्वारा एंव उनके साथी द्वारा शराब सेवन करने की पुष्टी होने पर उक्त बाईक चालक के खिलाफ पंचनामा तैयार किया गया ।

---

## बिना स्वीकृति एजेंसी निर्धारण शासन ने वापस मांगी पेंचवर्क फंड की 25 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कांग्रेस सरकार के दौरान अविभाजित राजनांदगांव जिले में पेंचवर्क तथा मरम्मत के लिए दी गई करीब 25 करोड़ रुपए की राशि को राज्य शासन ने खर्च पर रोक लगा दी है और राशि को वापस भेजने कहा है। शासन का कहना है कि शासन की अनुमति के बगैर ही पीडब्ल्यूडी महकमे द्वारा एजेंसी के निर्धारण की लगातार शिकायतें सामने आ रही थी। जिसके चलते यह निर्देश जारी किए गए हैं।



उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस सरकार ने अविभाजित जिले में सड़कों और भवनों की मरम्मत के लिए करीब 25 करोड़ रुपए की राशि जारी की थी। जिसमें अकेले राजनांदगांव पीडब्ल्यूडी संभाग को दस करोड़ रुपए जारी किए गए। आचार संहिता के लागू होने के कारण पीडब्ल्यूडी महकमे द्वारा काम शुरू नहीं किया गया। इस बीच राज्य में भाजपा सरकार के आसीन होने के बाद यह शिकायतें सामने आने लग गई थी कि कई जिलों में बिना स्वीकृति के ही एजेंसी का निर्धारण कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग दुर्ग के मुख्य अभियंता ने 6 जनवरी को एक आदेश जारी कर राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ के पीडब्ल्यूडी अफसरों से कहा है कि बिना स्वीकृति के ही एजेंसी निर्धारण किए जाने के चलते शासन द्वारा अत्याधिक वित्तीय दायित्व उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा है कि अति महत्वपूर्ण कामों को छोड़कर शेष अनुबंध को यथा स्थिति में तत्काल स्थगित और समाप्त किया जाए। यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आदेश के बाद भी राशि खर्च की जाती है तो उसकी जिम्मेदारी अफसरों की होगी।

### कागजों में ही भरे गड्ढे

पीडब्ल्यूडी महकमे को हर साल वार्षिक संधारण मरम्मत मद के तहत करोड़ों रुपए की राशि जारी की जाती है। अफसरों द्वारा इस राशि में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी और फर्जीवाड़े किए जाने की भी शिकायतें सामने आते रही है। पिछले पांच साल में सड़कों के गड्ढों को भरने के नाम पर दी गई राशि में भी जमकर बंदरबांट हुआ और अफसरों ने कागजों में ही गड्ढे भरकर राशि आहरित कर ली। यही कारण है कि भाजपा सरकार ने इस राशि पर शिकंजा कसा है।

### विकास के कोरे वायदे

कांग्रेस प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने शासन के इस आदेश को लेकर कहा कि एक ओर भाजपा सरकार द्वारा विकास के वायदे किए जाते हैं और दूसरी ओर विकास के लिए स्वीकृत हुई राशि पर ही प्रतिबंध लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले के साथ प्रदेश सरकार द्वारा उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जा रहा है।

---

बरडिया
ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎ 07744-407161
चांदी के बर्तन
व
सिक्का प्योर
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

श्रद्धा भक्ति से होगी पूजा, मकर संक्रांति से सूर्य देव होंगे उत्तरायण

# काले वस्त्र धारण किए अश्व पर सवार होकर दक्षिण दिशा से आएंगे सूर्य, मंदिरों में होगी विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान सूर्य देव का धनु से मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। जिसे लेकर लोगों में उत्साह का माहौल है, पंडितों के अनुसार इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई जाएगी। कई लोग 14 जनवरी को भी यह पर्व मनाने की तैयारी में है।

ज्ञात हो कि मकर संक्राति पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। पंडितों एवं पंचांग के अनुसार सूर्य देव जब धनु से मकर राशि में प्रवेश करते है तब संक्रांति मनाई जाती है। इस वर्ष सूर्य देव 14 जनवरी की रात में मकर राशि में प्रवेश करेंगे जिसके कारण सूर्य उदय तिथि 15 जनवरी होगी और इसी दिन मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। पंडितों के अनुसार मकर संक्रांति का वाहन अश्व है , मकर संक्रांति पर सूर्य देव अश्व पर सवार होकर आ रहे है। सूर्य देव का उपवाहन सिंह है, इस बार संक्रांति का स्वरूप काले वस्त्र धारण किए हुए है। मकर संक्रांति का आगमन दक्षिण दिशा से और गमन उत्तर दिशा से होगा।




### दान पुण्य का महत्व

मकर संक्रांति पर्व पर स्नान ध्यान के साथ ही दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन मंदिरों में विधि विधान से पूजा अर्चना कर लोग तिली से बने पकवान भगवान को अर्पित करते है। तिल से बने व्यंजन पकवान को ही प्रसादी के रूप में वितरित किया जाता है। समीप पर्व का देखते हुए बाजार में तिल, गुड, की मांग बढ़ गई है, वही रेडीमेड बाजार में उपलब्ध तिल के लड्डू पापड़ी सहित तिल के बने अन्य पकवान की मांग लोगों के बीच लगातार बनी हुई है। कई गृहणियों ने भी घरों में तिल के पकवान बनाने की तैयारियां शुरू कर दी है।

### मंदिर सहित घरों में तैयारियां

अंचल के मंदिरों में भी मकर संक्राति पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जायेगी, इस दिन दान पुण्य का वातावरण दिन भर बना रहेगा। पर्व के दौरान कई लोग पारंपरिक रूप से इस दिन पतंग बाजी भी करते है। जिसके चलते बाजार में पतंग की दुकानें भी सज गई है, जिसकी मांग भी लोगो के बीच बनी हुई है। हालांकि इस दिन कुछ संस्थाओं के द्वारा भी पतंग बाजी की स्पर्धा आयोजित की जाती है। मकर संक्रांति के दिन आकाश में रंग बिरंगे पतंग आकर्षण का केंद्र बनेंगे। मकर संक्रांति पर्व के साथ ही सूर्य देव के उत्तरायण होने के साथ ही मौसम में परिवर्तन का दौर शुरू हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अमृत मिशन योजना शुरू करने की मांग

**डोंगरगढ़।** शहर में अमृत मिशन योजना शुरू करने की मांग को लेकर भाजपा पार्षदों ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंच अनुविभागीय अधिकारी गिरीश रामटेके को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पार्षदों ने बताया कि अमृत मिशन योजना की शुरूवात शहरों, कस्बों के हर घर तक पानी पहुंचाने शुरू किया गया है किन्तु नगर पालिका क्षेत्र इस योजना से वंचित है। जनहित को देखते हुए इस योजना को शीघ्र शुरू किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अमित छाबड़ा, डीकेश राव, अनिता इंदुरकर, कमलेश धमगाये, हरीश मोटघरे, सुरेश मरकाम, लोकेश इंदुरकर, प्रिंस कक्कड़, अखिलेश सिंह गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, गिरीश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



### युवराज ने दिखाया प्रतिभा

**अर्जुनी।** शासकीय प्राथमिक शाला केसला की कक्षा चौथी के छात्र युवराज निर्मलकर ने राजनांदगांव में आयोजित एक्जीविशन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिला। उन्होंने गोबर के बने दिए से सभी को अपनी प्रतिभा की ओर आकर्षित किया।



### राशन दुकान के लिए आवेदन आमंत्रित


**मोहला।** शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु आगामी 23 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। राशन दुकानों के संचालन हेतु इच्छुक वृहताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समिति, वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायत एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समिति निर्धारित तिथि तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मोहला के कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। अंबागढ़ चौकी शहर, ग्राम पंचायत अरजकुंड, गोपलीनचुवा, आड़ेझर, दाऊटोला, आटरा, मोंगरा, मुड़पार, गौलीटोला, बुटाकसा, बांधाबाजार, बिटाल, कुदुरघोड़ा एवं चिल्हाटी में संचालित राशन दुकानों के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### पुलिस पहुंची ग्रामीणों के बीच

**खुज्जी।** आपकी पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरबसपुर में जन चौपाल लगाकर पुलिस ने जन मानस को जागरूक किया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह एवं थाना स्टाफ ने लोगो को साइबर फ़्रॉड, लोन फ़्रॉड, एटीएम फ़्रॉड, महिला अपराध, चिट फण्ड फ़्रॉड आदि के बारे में बताया। 112 की उपयोगिता, अभिव्यक्ति एप तथा ई बीट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दि गई। अफसरों ने नशामुक्त बनाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। थाना प्रभारी ने स्वच्छता, स्वास्थ्य, पास्को एक्ट आदि की जानकारी देते हुए आसपास संदिग्ध व्यक्तियों के नजर आने पर तत्काल सूचना देने की अपील की।

### शोभायात्रा निकलेगी 14 को

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा पिछले 37 सालों से मकर संक्रांति के मौके पर हरि संकीर्तन और शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी आगामी 14 जनवरी को प्रातः 9 से 12 बजे तक भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण की झांकी की शोभायात्रा रामधुनी, राउत नाचा, आदिवासी नृत्य के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा नीचे मंदिर से निकलकर जयस्तंभ चौक, टॉकीज चौक, रेलवे चौक, बुधवारी पारा, गोल बाजार होते हुए जय स्तंभ चौक से पुनः कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। पूजा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।



### श्रीमद् भागवत कथा 20 तक

**मोहरा।** ग्राम पंचायत बिजनापुर में शुक्रवार को श्रीमद भागवत कथा ज्ञान सप्ताह आरंभ हुआ। यह कार्यक्रम आगामी 20 जनवरी तक चलेगा। ग्राम के आकाश वर्मा, मनोज वर्मा ने बताया कि देवकर सजा के कथावाचक डॉ प्रेम नारायण शर्मा भागवत कथा का वाचन करेंगे। अंतिम दिन 20 जनवरी को गीता प्रवचन, सहस्त्रनाम, हवन, कपिल तर्पण, सहस्त्र धारा, स्नान, पूर्णाहूति के साथ कथा का समापन होगा। कथा वाचन सुबह 9.30 से दोपहर एक बजे तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक होगा।

### ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

**मुरमुंदा।** ग्राम में विकसित भारत रथ 11 जनवरी को पहुंचा। सभी विभागों ने स्टाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए। शिविर में भारत वर्मा, सेवतीबाई कतलाम, पन्नालाल साहू, नारद सोनवानी, विष्णु वैष्णव, त्रिभुवन सिन्हा, नेमचंद देवांगन, दसरू यादव, चंद्रकला, गौतमबाई, मालतीबाई, सिरमोटन बाई, रामचंद यादव आदि शामिल हुए।



### खेल संघ के अध्यक्ष बने विवेक मोनू भंडारी

**डोंगरगढ़।** जुजित्सु एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार सर्वसहमति से विवेक मोनू भंडारी को राजनांदगांव जिला संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के जिला सचिव तरुण वरकड़े ने बताया कि जिला संघ में उपाध्यक्ष जार्ज मसीह, सह सचिव तेजस राहुल, कोषाध्यक्ष पूनम टेम्भुरकर, सदस्य चंद्रहास साहू, निशार अब्बास है। पर्यवेक्षक के रूप में राज्य संघ के महासचिव अजय सिंग राणा उपस्थित थे। श्री भंडारी के जिला संघ अध्यक्ष बनने पर शिव अग्रवाल, योद्धा सिंह राठौर, चंचल बांनोआना, योगेश सन्नी अग्रवाल, नीरज यादव, सौमित्र सोनी, आलोक कलचुरी, जसमीत बन्नोआना, बलविंदर विक्की भाटिया, अंशुलराज जैन, रामकुमार यादव, कामेश साहू, विकास कौशिक, अश्विनी साहू, विकास सहारे, केशव मंडावी, सोनू सिन्हा, उपकार साहू, नीलम चोपड़ा, गुरुविंदर भाटिया, लश्मी यादव, नागेंद्र परिहार, जसप्रीत पपलू भाटिया, राजेश कंडरा, शिव अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, बलविंदर भाटिया आदि ने बधाई दी है।



## गांवों में भारत संकल्प शिविर का आयोजन, योजनाओं का प्रचार भी

# योजनाओं से संवर रहे ग्रामीणों की सपने







हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों, सेवाओं व कार्यक्रमों से ग्रामीणों के सपने साकार हो रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जीवन की जरुरी सरोकारों की पूर्ति की जा रही हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को मुलभुत सुविधाएं मुहैया कराया जा रहा है। जिले की 12 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामीण स्तर पर यात्रा का आयोजन होने से बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। शिविर से ग्रामीण जनों की आवश्यकता की पूर्ति करने में मदद मिल रही है। ग्रामीण जनों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित होकर समस्याओं को सुनने के साथ ही योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित कर रहे हैं। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण, आधार अपडेशन, हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई। विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के माध्यम से योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आए परिवर्तन की जानकारी दी। शिविर में सीईओ डॉ.कंचना वाल्दे, मोहम्मद हनीश खान, प्रियवंदा रामटेके सहित अन्य शामिल हुए।

**अंबागढ़ चौकी।** ब्लाक अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत तारमटोला में किया गया। इस दौरान जनहितकारी योजनाओ से आमजनों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण आजीविका मिशन, केसीसी योजना, नल जल योजना, आयुष्मान योजना, स्वास्थ्य कार्ड, उज्जवला योजना, आधार कार्ड आदि से हुए लाभ के बारे में बताया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मदन साहू, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न चुरेंद्र, योगेंद्र कोढापे, सीईओ प्रियंवदा रामटेके आदि मौजूद थे।

**खुज्जी।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन सामान्य तक पहुंचाने विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन गत दिनों खुज्जी, दर्री, ख़ुर्सीपार में किया गया। शिविर में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। दर्री के शिविर में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, महेश्वर साहू, लक्ष्मी नारायण सेन, सरपंच हरिला साहू, संघपाल, ओम प्रकाश रामटेके शामिल हुए। इसी कड़ी में खुज्जी के शिविर में सरपंच सोनाली पंसारी, अक्षय देवांगन, कलीबाई, रेखा बोरकर, लोकनाथ यदु, त्रिवेणी साहू, डोमन साहू, बेदुराम साहू, प्रियंका देवांगन आदि उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में एबीईओ जयंत साहू, रश्मि ठाकुर, अरविंद रत्नाकर का योगदान रहा। इसी प्रकार विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत आमगांव, अछोली में किया गया। शिविर में भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका डड़सेना, भाजपा नेता कैलाश शर्मा, गोविंद साहू, सरपंच सविता भुआर्य, रेखचंद यादव, भैयालाल नेताम, छगन साहू, मंथिर सिन्हा, देवनाथ साहू, मन्नू साहू, हरि राम आदि शामिल हुए। श्री डड़सेना एवं श्री शर्मा ने केंद्र के मोदी सरकार द्वारा चलाये जा रहे गरीब कल्याण और उत्थान के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

### ग्रामीणों ने बताया मिले लाभ के बारे में

**डोंगरगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन गुरुवार को रेंगाकठेरा एवं मुंदगांव में किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र की योजनाओं को जनता को अवगत कराया गया। शिविर में भाजपा प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष भरतलाल वर्मा, भूपेन्द्र वर्मा, कमल निर्मलकर, पुरुषोत्तम बंजारे, जितेन्द्र वर्मा, दिनेश साहू, महेन्द्र साहू, आनंद टेंबुरकर, गणेश कंवर, तिलोचन वर्मा, अजय, शिव साहू आदि शामिल हुए।



# खेल स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## ब्लाक स्तरीय खेल का आयोजन कातलवाही में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कातलवाही में किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने किया। अध्यक्षता सरपंच टाकेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि कमल निर्मलकर, सुनील वर्मा, जयराम वर्मा, अशोक जंघेल थे। स्वागत के बाद ध्वजारोहण किया गया। बीईओ विरेन्द्र कौर गरछा के स्वागत भाषण के बाद अतिथियों ने परेड की सलामी ली। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्री खांडेकर ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा मुख्य स्त्रोत है और शिक्षा के साथ छात्र-छात्राओं के लिए खेल भी आवश्यक है। सरपंच टाकेश्वर वर्मा ने आयोजनकों को बधाई दी। कार्यक्रम में राजकुमार नंदेश्वर, राणा अजय सिंह, भागचंद लिल्हारे, ईश्वर निर्मलकर, एनडी गौरी, हरिश साहू, सुरेश सहारे, जयराम वर्मा, दिलीप वर्मा, अशोक जंघेल, पुरषोत्तम लोधी, मनोज वर्मा, नकूल वर्मा, गोपी वर्मा, फलेश साहू, राजेश शर्मा, तरूण साहू, देवेन्द्र अंबादे सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन ईनायत अली ने किया।



### रासलीला एवं रामलीला का मंचन

**डोंगरगढ़।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति ने आगामी 15 से 22 जनवरी तक नीचे बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में भागवत कथा, भगवान श्री कृष्ण की रासलीला तथा रामलीला का आयोजन किया है। ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि वृंदावन धाम के विश्वविख्यात भागवत प्रवक्ता, रासलीला तथा रामलीला के सुप्रसिद्ध रासाचार्य स्वामी श्री राम जी महाराज द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। प्रतिदिन प्रातः 10 से एक बजे तक भागवत कथा एवं भगवान श्री कृष्ण की रासलीला, रामलीला का मंचन रात्रि 7.30 से 10.30 बजे तक होगा। श्री परिहार ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का आनंद उत्सव नीचे मंदिर परिसर कथा स्थल में ही देखने मिलेगा।

# गिरवी रखकर जमीन की कराया रजिस्ट्री

## चल रहा ब्याज का बड़ा खेल

- गरीब किसान हो रहे सुदखोरों के शिकार
- मामला कोर्ट में लंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रकम के एवज में जमीन गिरवी रखने और फिर रकम की अदायगी के बाद भी जमीन को अपने नाम से हस्तांतरण करने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय में विचाराधीन है।

मांडीतराई के सेवकराम वर्मा पिता भैयालाल वर्मा ने बताया कि पारिवारिक कार्य आने पर 2012 में मुसरा के राजेश साहू पिता बाबूलाल साहू से 1 लाख 20 हजार जमीन के कागजात के आधार पर लिया था। उसने 2017 में 6 लाख 76 हजार का भुगतान कर दिया था। अनावेदक को जब भुगतान किया गया तब गांव के बलदेव वर्मा, तेजराम वर्मा, कन्हैया साहू मनहरण वर्मा उपस्थित थे। सेवकराम ने यह भी बताया कि उसके कम पढ़ा लिखा होने का फायदा उठाते हुए राजेश साहू ने राजनादगांव रजिस्ट्री आफिस में बुलाकर कुछ कागजों में हस्ताक्षर करवाया था। उसने खसरा नंबर 517/3 रकबा 0.82 हेक्टेयर भूमि को उसने अपनी मां सावित्री बाई पति बाबूलाल के नाम रजिस्ट्री करवाने के बाद प्रमाणीकरण भी करवा लिया। उसकी माता के निधन के बाद नामांतरण भी हो गया और वह अब तक अपनी भूमि पर खेती किसानी करते आ रहा है।

### खरीद कर रजिस्ट्री कराया

इस मामले में राजेश साहू ने सेवकराम के आरोप को निराधार बताया है। उसने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री खरीदने के बाद हुई है। यह मामला तहसील न्यायालय में विचाराधीन है।

## आयोजनों से माहौल हो रहा राम मय

# संकीर्तन के साथ निकाली अक्षत कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

पिनकापार शीतला माता मंदिर से अक्षत कलश यात्रा भजन के साथ निकाली गई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर गाँव का भ्रमण किया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारों के गूंज रही। इस दौरान की महिलाएं एवं लड़कियां कलश उठाने उत्सुक दिखाई दी। सभी ने 22 जनवरी को अपने अपने घर में दीप जलाने का संकल्प लिया। कलश यात्रा में से सरपंच सोमिन भुआर्य, दिलेश्वर भुआर्य, त्रिलोकी गांवरे, विनय वैष्णव, रीना देवांगन, सरिता देवांगन, अनुपी देवांगन, लोमिन गांवरे, प्रगति भुआर्य, नेहा गांवरे, दुर्गा राजपुत, गजेन्द्र कोमा, हुमन देवांगन, प्रीत साहू, गोविंद कौशिक, डमेशवर देवांगन, दीक्षा यादव, मैहेंदी, रुपाली भुआर्य, विद्या रजक, ज्योति यादव, अंजलि रजक उपस्थित थे। यह जानकारी जागृतसिंह देवांगन ने दी।

### दिवाली मनाने करेंगे प्रेरित

**मुसरा कला।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को यादगार बनाने के लिए भाजपा ने आगामी 16, 17 एवं 18 जनवरी को यात्रा का आयोजन किया है। यात्रा 154 किलोमीटर की दूरी तय कर चारों विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगी। इसी तारतम्य में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समिति का गठन किया गया है जो गांव गांव में 22 जनवरी को दीपावली बनाने का संदेश पहुंचाएगी। समिति में संयोजक मूलचंद लोधी, सह सयोजक रवि सिन्हा एवं सदस्य चुन्नी यद्गु, मनीष त्रिपाठी, अनंत तिवारी, सुमित मिश्रा, तेजलाल वर्मा, नीलाभ यद्गु, अक्षय पटेल, आनंद साहू हैं।

# अटल संवाद स्पर्धा आयोजित

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद जी के 161 वे जन्म जयंती युवा दिवस के अवसर पर दिग्विजय कॉलेज के न्यू हॉल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भाषण का विषय- नव मतदाता भारत निर्माता रहा. महाविद्लय के एनसीसी, एनएसएस, के कैडेट एवं विदार्थयो ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया 23 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं प्रथम स्थान नगद पुरस्कार राशि 3000, दितीय पुरुस्कार,2000, एवं तृतीय पुरस्कार 1000, मुमेंटो और प्रमाण पत्र भी दिया गया साथ ही प्रतियोगिता में शामिल हों वाले विद्यार्थी को प्रशस्ति पत्र से सम्मान किया गया।

भाषण का विषय नवमतदाता भारत निर्माता जिस पर समस्त प्रतिभागियों द्वारा व्यक्तत्व्य रखा गया । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य केएल तांडेकर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी, जिला उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जिला मंत्री शिवम्‌ यादव, उज्जवल कसेर, मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, कमलेश प्रजापति, आदित्य पराते, आशुतोष सिंह महाविदलाय राजनिति विज्ञान के प्रोफेसर संजय सप्तऋषि, इतिहास विभाग के एसिसेंट प्रोफेसर हिरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे।



पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
जड़ से इलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### खैरा में मंडई मेला कल

**घुमका।** ग्राम खैरा (बा) में 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। सरपंच साहू ने बताया रात्रि में तरौद जिला बालोद वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम चल हांस बो आयोजित किया जाएगा।

### अंगना म शिक्षा देगी माता



**डोंगरगांव।** कलेक्टर एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार 10 जनवरी को स्थानीय बीटीआई डोंगरगांव में ब्लाक स्तरीय अंगना म शिक्षा 4.0 प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा एवं वंदन के साथ हुआ। बीईओ आरएल पात्रे ने कहा कि माता ही बच्चों की प्रथम गुरु होती है। घर एवं आंगन बच्चों की पहली पाठशाला होती है। एबीईओ रश्मि ठाकुर ने कहा कि अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण से माता को प्रशिक्षित करना है जिससे वह बच्चों को रसोईघर की सामग्रियों एवं आसपास की वस्तुओं से प्रारंभिक शिक्षा दे सकें। स्त्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण पूरी तन्मयता से लेकर शाला में क्रियान्वित करने कहा। शिक्षकों को एसआरजी कमला सिन्हा, बीआरजी ममता बोरकर एवं मीना पटेल ने प्रशिक्षण दिया।

### न्याय यात्रा की समन्वय समिति में कलाम शामिल



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने 14 जनवरी से राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरु हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए राष्ट्रीय समन्वय समिति का गठन किया है। इस समिति में नेशनल को-आडिनेटर प्रभारी ओडीसा अब्दुल कलाम खान को भी शामिल कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। समन्वय समिति में शामिल किए जाने पर अब्दुल कलाम खान ने विभाग के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार प्रकट किया है।

### विस अध्यक्ष ने किया पुस्तक का विमोचन

**गंडई पंडरिया।** नगर के साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव साहित्य के क्षेत्र में नाम कमा कर रहे है साथ ही छत्तीशगढ़ की पौराणिक लोक कथाओ, किवंदितियो पर लेख लिख रहे है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की लोककथाएं नाम से पुस्तक लिखा है जिसका विमोचन विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने गत दिनों किया। बता दे कि छत्तीसगढ़ का लोक साहित्य बड़ा समृद्ध है। यह लोकगीत, लोकगाथा व लोक कथाओं के रूप में वाचिक परम्परा द्वारा जन मानस के कंठ में रचा बसा है किन्तु वर्तमान में विलुप्त होने के कगार पर हैं। विलुप्त होती 32 छत्तीसगढ़ी लोक कथाओं को संकलित कर साहित्यकार डॉ. यादव ने पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया है। जिसके प्रकाशक शिक्षादूत प्रकाशन रायपुर है। डॉ. सिंह ने डॉ. यादव के साहित्य व संस्कृति कर्म की प्रशंसा करते हुए उन्हें लेखन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राधा यादव, रजनी यादव, जितेंद्र कुमार उपस्थित थे।

### बखरूटोला में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन आज से

**छुरिया।** 13 एवं 14 जनवरी, शनिवार एवं रविवार को ग्राम बखरूटोला में दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन होगा। उक्त सम्मेलन में कुल 18 टीमें भाग लेंगी जो शनिवार एवं रविवार को बारी बारी अपनी प्रस्तुति देंगे। शनिवार को नौ टीम एवं रविवार को भी नौ टीम भाग लेंगी। उक्त कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अभिषेक सिंग, पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान, एमडी ठाकुर, चंद्रिका डडसेना, विधायक भोलाराम साहू, पूर्व विधायक छन्नी साहू, भाजपा नेता रविंद्र वैष्णव, अजय पटेल, राधेश्याम शर्मा, रोमी भाटिया, भुवनेश्वर साहू, कांग्रेस नेता चुम्मन साहू, तरुण सिन्हा, राहुल तिवारी, सीमा यादव सहित अनेक नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्माजसेवियो को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन रामायण मानस मंडली, रामायण समिति एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा मिलकर किया जा रहा है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष भीसन लाल साहू, बल्लूराम मंडावी, ग्राम पटेल रूपेंद्र साहू, हीरू राम एवं नारायण लाल ने दी।

### समाजसेवी ने विधायक का किया सम्मान

**राजनांदगांव।** खुज्जी विधानसभा विधायक भोलाराम साहू के विधायक बनने व नया साल 2024 का समाजसेवी छबिबाई साहू ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम मुनगांव से लक्ष्मीबाई गंधर्व, मिसलाबाई उपस्थित थे।

## कलेक्टोरेट में नियुक्त व्याख्याता को मूल शाला में भेजने की मांग

# अस्थाई पीआरओ के खिलाफ संघ ने खोला मोर्चा, मिला आश्वासन

**सहकर्मियों से व्यवहार ठीक नहीं होने का लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला निर्माण के दौरान अस्थाई रूप से कलेक्टोरेट में नियुक्त व्याख्याता को हटाकर मूल शाला में भेजने कलेक्टोरेट में कार्यरत कर्मचारियों ने मोर्चा खोला। छग प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष आलोक वैष्णव, अभिलेख सिंह, एसआर देवांगन, दिनेश साहू, सीएस मेश्राम, हर्ष मानिकपुरी, लकेश्वर साहू, प्रशांत महोबिया, उमाशंकर साहू, बीएल अग्रवाल, रजिया बेगम, रूपेश जंघेल, अर्पित सिंह, एलएस ठाकुर, नीरज चंदेल, अशोक चंद्राकर, एआर टंडन सहित दो दर्जन से ज्यादा संघ सदस्यों ने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की अनुपस्थिति में एडीएम दशरथ सिंह राजपूत से मुलाकात की और कहा कि जिला निर्माण के दौरान नियमित पीआरओ नही होने के कारण डाइट में पदस्थ व्याख्याता एलबी मकसूद खान को जिला प्रशासन द्वारा अस्थाई तौर पर कलेक्टोरेट में पीआरओ की जिम्मेदारी दी गई थी, बाद मे शासन द्वारा जिले मे प्रशासनिक काम काज की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने स्थाई तौर पर पीआरओ दे दिया है, लेकिन मकसूद खान को मूल संस्था डाइट रिलीफ नही किया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि सहकर्मी होने के बावजूद मकसूद खान का व्यवहार लिपिक कर्मचारियों से ठीक नही है। कर्मचारियों को नीचा दिखाने और डायरेक्ट कलेक्टर के संपर्क में होने के कारण मनमानी करने के साथ साथ कलेक्टोरेट के विभागीय प्रमुखों से उपर खुद को साबित करने का प्रयास करता है। संघ सदस्यों का कहना है कि मकसूद खान को मूल शाला में वापस नही भेजे जाने पर लिपिक कर्मचारियों ने सामूहिक तौर पर काम बंद कलम बंद का निर्णय लिया है।



### समझाइश पर माना संघ

मामले को लेकर एडीएम दशरथ सिंह राजपूत ने मकसूद खान के दुव्यर्वहार से पीड़ित कर्मचारियों से सीधे बातचीत की और कहा कि मामले मे सारी जानकारी कलेक्टर को देकर वो वाजिब कारवाई कराएंगे जिसके बाद संघ सदस्य वापिस काम पर लौटे। इसके पहले सभी अपनी पीड़ा से अवगत कराने के बाद ठोस निर्णय होने पर ही काम काज संभालने की बात पर अड़े थे।

### कलेक्टर से मिला प्रतिनिधिमंडल

देर शाम दौरे से लौटने के बाद कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने संघ के प्रतिनिधिमंडल मे शामिल प्रांतीय सचिव अभिलेख सिंह, जिला अध्यक्ष आलोक वैष्णव और हर्ष मानिकपुरी से चर्चा की और सारी बाते सिलसिलेवार जानने के बाद कहा कि कलेक्टोरेट मे कार्यरत सभी कर्मचारी जिला प्रशासन के मजबूत धड़े है इसलिए किसी भी कर्मचारी के साथ दुव्यर्वहार करना गलत है। उन्होंने संघ सदस्यों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस पर ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### विवादित है पीआरओ

जिला निर्माण के दौरान प्रशासनिक काम काज को आम जनता तक सुगम रूप से पहुंचाने तत्कालीन कलेक्टर डॉ जगदीश सोनकर द्वारा मकसूद खान को अस्थाई तौर पर पीआरओ की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन संघ सदस्यों के अनुसार उच्च अधिकारियों की संगत में आते ही उसका स्वभाव पूरी तरह से बदल गया। बैठक के दौरान अपर और डिप्टी कलेक्टर की सीट पर बैठने को लेकर भी कई बार बड़े अधिकारी उसे हड़का चुके है। वही बीते साल 26 जनवरी के मुख्य समारोह मे जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग से चयनित सम्मान सूची में नाम नही होने के बावजूद मकसूद खान द्वारा दूसरे का मोमेंटो लेकर मंच पर सम्मान ग्रहण करने से दो अन्य शिक्षकों को सम्मान नही मिल पाया जिसके चलते भी जिला प्रशासन की काफी किरकिरी हुई थी। उसके बावजूद मकसूद खान को नही हटाया गया और अब लिपिक संघ ने पूरी तरह से उसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सप्ताह भर के भीतर मूल संस्था वापसी नही करने पर काम बंद कलम बंद की चेतावनी दी है।

### कार्रवाई की मांग

कलेक्टोरेट मे कार्यरत लिपिकों के साथ हमेशा मकसूद खान का व्यवहार नीचा दिखाने वाला रहता है। कई बार मौखिक रूप से उसे व्यवहार सुधारने कहा गया, लेकिन सुधार नही हुआ जिसके कारण एडीएम को ज्ञापन सौंपकर उचित कारवाई की मांग की गई है।

**- आलोक वैष्णव,** जिला अध्यक्ष

### दी चेतावनी

अनेक बार संघ सदस्यों के साथ बुरा बर्ताव करने की सूचना मिलते रही है। प्रशासन ने मूल संस्था में वापसी के लिए हफ्ते भर का समय मांगा है। निर्णय नही होने पर संघ काम बंद कलम बंद हड़ताल पर जाएगा।

**- अभिलेख सिंह,** प्रांतीय सचिव

## आध्यात्म से ही अर्जित होता है संस्कार : संत प्रभाकर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ पेंड्री में विशाल कबीर सत्संग समारोह में जुटे बड़ी संख्या में श्रद्धालु

पेण्ड्री में चल रहे विशाल कबीर सत्संग समारोह के दूसरे दिन प्रवचन देते हुए राष्ट्रीय संत प्रभाकर साहेब ने कहा कि मार्ग कितना ही अच्छा और आसान हो लेकिन जिसे चलना नहीं आता तो वह मंजिल तक नहीं पहुंच पाता। विज्ञान से जीने की राह तो आसान हुई लेकिन आध्यात्म से अर्जित संस्कार ही व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाते है।

उन्होंने कहा कि विवाह एक दूसरे के साथ जीवन निर्वाह का पवित्र बंधन होता है। इसमें एक दूसरे के प्रति समर्पण और विश्वास जरुरी है। यह रिश्ता समझ से ही निभता है समझौते से नहीं। आज के समय में सम्बन्ध विच्छेद की बढ़ती घटनाओं का प्रमुख कारण समझ का अभाव ही है।

इस अवसर पर संत गुरुबोध ने कहा कि नशा सर्वनाश की जड़ है, आज की युवा पीढ़ी नशे की इस कदर शिकार है। उसकी पूर्ति के लिए कम उम्र में ही आपराधिक कृत्यों को चुन रही है। सरकारें राजस्व प्राप्ति के लोभ को त्याग कर नशा बंदी लागू करनी चाहिए नहीं तो इसके भयंकर परिणाम सामने आयेंगे।

पिपरिया आश्रम से पधारे संत भूषण साहेब ने कहा कि धोखा व छल से व्यक्ति धन तो पा सकता है लेकिन शांति नहीं। हम दूसरों को जो भी देते हैं वही लौटकर मिलता है। कर्म का सिद्धांत सभी के लिए बराबर है, सुख चाहते हैं तो सुख बांटे। इससे पहले संत सुबोध साहेब, जितेन्द्र साहेब, तरुण दास, व साध्वी अमृता ने कबीर वाणियों का गान किया और विचार रखे।

# धान का अवैध परिवहन करते कोचिया सपड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



उपार्जन केंद्र में धान खपाने के प्रयास में कोचिया सपड़ाया। जानकारी अनुसार एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार मोहन झारिया को भ्रमण के दौरान परसबोड़ चौक पर धान बोरों से लदी खड़ी स्वराज माजदा क्रामक सीजी 04 एमए 5988 को देखकर शंका होने पर उन्होंने ड्राइवर गोकुल पिता रामलाल से सवाल जवाब किया तो पता चला कि उक्त वाहन खैरागढ़ अमलीपारा निवासी गल्ला व्यापारी खूबचंद जैन के गोदाम से भरकर उसने 150 कट्टा धान भंडारपुर निवासी अभिषेक जैन के गोदाम पर खाली किया है और शेष 200 कट्टा धान अभिषेक जैन के कहने पर परसबोड़ उपार्जन केंद्र ले जा रहा है। मामले की जानकारी होने पर तत्काल अधिकारियों ने भंडारपुर में अभिषेक जैन के गोदाम पर छापेमारी कर 150 कट्टा मोटा धान जब्त किया वही धान से भरे वाहन को जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया है। गौरतलब है कि शहर सहित आसपास के इलाकों में ज्यादातर गल्ला व्यापारियों द्वारा किसानों से औने-पौने भाव में धान खरीदी कर अलग-अलग किसानी पर्चो में धान को अवैध तरीके से खपाया जा रहा है और इसी प्रयास में शहर और भंडारपुर का व्यापारी धरा गया। एसडीएम प्रकाश सिंह राजपूत ने कहा कि धान खरीदी कर अवैध रूप से व्यापारी द्वारा खरीदी केंद्र में धान खपाने का प्रयास किया जा रहा था। धान और वाहन को पुलिस थाने मे खड़ी कर सुपुर्दनामे में दिया गया है। मामले में कारवाई धान खरीदी बंद होने के बाद की जाएगी।

## सेन संवाद कार्यक्रम, 16 को जाएगी स्पेशल बस रायपुर

**खैरागढ़।** राजधानी में 16 जनवरी को आयोजित होने वाले सेन सम्मेलन में शामिल होने जिला सेन समाज के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास के नेतृत्व में स्पेशल बस रवाना होगी। पूर्व जिलाअध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास ने बताया कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा सेन नाई समाज के लोगों के लिए सेन संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम साइंस कालेज में रखा है। कार्यक्रम में समाज के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने ठोस कदम उठाने पर चर्चा की जाएगी जिसके लिए बेरोजगार युवाओं को बॉयोडाटा के साथ उपस्थित होना है। वांछित योग्यतानुसार रोजगार से जोड़ने और शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने पहल की जाएगी। उद्योग समेत अन्य क्षेत्रों में भी जॉब दिलाने प्रयास किया जाएगा वही पुश्तैनी सेलून या गांव में हजामत का कार्य करने वाले युवाओं को आगे बढ़ने विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। महिला ब्यूटी पार्लर का रजिस्ट्रेशन साथ उनके लिए आगे और क्या बेहतर होगा इस पर कदम उठाया जाएगा। ब्यूटीशियन का कोर्स करने वाली या कर चुकी सामज की युवतियां जो किसी कारणवश पार्लर शुरू नही कर पाई है उन्हें आत्मनिर्भर बनाने समस्याओं के निराकरण की पहल की जाएगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र श्रीवास ने बताया कि संवाद कार्यक्रम मे युवक-युवतियों का परिचय सत्र होगा। पहली दफे हो रहे इस प्रकार के कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से बड़ी संख्या में समाज के लोगों की पहुंचने की संभावना है।

## रश्मिदेवी कालेज में एड्स रोकथाम जागरूकता पर पुरस्कार वितरण




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज में एड्स रोकथाम और जागरूकता पर विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कालेज के रेड रिबन क्लब और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में निबंध, भाषण, पोस्टर और रंगोली में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे और छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने किया। स्पर्धा में भाषण में प्रथम देवेन्द्र पटेल, द्वितीय आयुषि नामदेव, निबंध में अंजली सेन प्रथम, नलिनी साहू द्वितीय, पोस्टर में सरस्वती मिश्रा प्रथम, परमेश्वरी सारथी द्वितीय, रंगोली में टोमेश्वरी पटेल व दिव्या वर्मा प्रथम, रीना भारती द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम संचालन व आभार प्रदर्शन प्रो सुरेश आडवानी ने किया। निर्णायक प्रो सृष्टि वर्मा भूगोल और डॉ उमेंद चंदेल रहे। सांत्वना पुरस्कार गिरवर साहू, उमा बघेल, पूनमराम शोरी, मोनिका साहू को प्रदान किया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र साखरे ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। छात्रसंघ प्रभारी जेके वैष्णव ने जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसका विस्तार करने कहा। इस अवसर पर स्टाफ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती में कार्यक्रम का आयोजन

# ज्ञान हासिल करने श्रद्धावान होना जरूरी




हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र छुईखदान में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. राजन यादव, अधिष्ठाता इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ थे।

मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को बताते हुए कहा कि ज्ञान की प्राप्ति हेतु श्रद्धावान होना आवश्यक है। समस्त पापों का जड़ भय है। उन्होंने बताया कि युवा से ही समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकते है। अध्यक्षता कर रहे अधिष्ठाता डॉ. एके गुप्ता ने भारत को युवाओं का देश बताते हुए कहा कि युवा शक्ति एवं जिज्ञासाओं से परिपूर्ण होता है। संचालन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ ओमनारायण वर्मा ने किया। इस अवसर पर राजेश्वरी कुर्रे एवं स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. पंकज भार्गव, तामिन, डॉ. सेवक ढेंगे, रायसेन पाल, कोमल गांवरे, सुनील, जलेश्वरी कंवर, पूर्णिमा निषाद सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देवेन्द्र कुर्रे ने किया।

### चलें स्वामी की राह पर

**डोंगरगांव।** डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन एवं एनसीसी, एनएसएस के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम एनसीसी प्रभारी प्रो.गणेश नेताम ने स्वामी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से अध्ययन के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेने का आव्हान किया।

डॉ.सीके साहू ने शिकागो धर्म सम्मेलन की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने उनके मार्गों का अनुसरण करने कहा। डॉ. एके धमगाए ने विद्यार्थियों को बताया कि अगर सफल होना है तो एक ही उद्देश्य को लेकर चलना चाहिए। कार्यक्रम में प्रो. प्रियांकी गजभिए, डॉ.आशाराम साहू, आशा साहू, ओकेश पटेल आदि उपस्थित थे। संचालन एकलव्य साहू ने किया। इसी प्रकार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती एक्स रे कक्ष में भोज साहू के नेतृत्व में बीएमओ डां रागिनी चंद्रे के मार्गदर्शन में मनाया गया।डां. चन्द्रे ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाया। बीएमओ ने स्वामी विवेकानंद का जीवन परिचय पेश किया। उन्होंने बताया कि उन्हे 25 वर्ष की उम्र में ही वेद, पुराण, बाइबल, कुरआन, धम्मपद, तनख, गुरुग्रंथ साहिब, दास केपीटल, पूंजीवाद, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, साहित्य, संगीत और दर्शन आदि का ज्ञान था। इस अवसर पर बीपीएम राकेश कुर्रे, डां. इशिता बागची, रंजना शुक्ला, सुलोचना रामटेके, भोज कुमार साहू, जशवंत कोडापे, शिप्रा मुटकुरे, खुशाल साहू, हितेश काटले, किशोर साहू, राकेश निर्मलकर, टिकेश्वरी साहू, तेजराम नेताम, बसंत मालेकर, ब्रम्हा यादव, दुकालदास मार्कण्डेय, रानी ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।



## अपर कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण



**खैरागढ़।** पीएम जनमन योजना अंतर्गत मेगा शिविर के आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर डीएस राजपूत ने जिला अधिकारियों की बैठक ली। अपर कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के अंतर्गत जिले में 15 जनवरी को फतेह मैदान में मेगा शिविर का आयोजन होगा जहॉं आदिवासी-जनजाति समुदाय के लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि शिविर को सफल बनाने सभी अधिकारी पूरे लगन और समर्पण के साथ काम में जुट जाए ताकि शिविर सफलता मे कोई कमी न रहे। बैठक बाद अपर कलेक्टर डीएस राजपूत ने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, टेंट व्यवस्था, साउंड सिस्टम, बैठक व्यवस्था, चिकित्सा, दवाईयां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के मनोरंजन के लिए खेलकूद गतिविधि, हितग्राहियों को सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था और हाईस्पीड इंटरनेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान एसडीएम प्रकाश राजपूत, डिप्टी कलेक्टर टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर से मिलने सप्ताह में चार दिन निर्धारित

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से आम लोग अब सप्ताह में चार दिन मिल सकेंगे। जानकारी अनुसार उन्होंने मेल मुलाकात के लिए सोमवार, मंगलवार, बुधवार और शुक्रवार का दिन निर्धारित किया हैं। इस दौरान दोपहर 3 से लेकर शाम 5 बजे तक उनसे मुलाकात हो पाएगी।



## सार समाचार

### आम जगह पर शराब सेवन, सट्टा खिलाने के आरोपी पकड़े गए

**राजनांदगांव।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है, वही सटटा खिलाने वाले एवं आम जगह पर शराब सेवन करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत लगातार असामाजिक तत्वों तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व अभियान चलाया जा रहा है।

#### सट्टा-पट्टी सहित नगदी जप्त

जिसके तहत 12जनवरी को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल सीआईटी कॉलेज बायपास चौक के पास आरोपी शब्बीर खान उम्र 42 वर्ष साकिन विकास नगर को अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम 2820 रूपये जप्त कर छत्तीसगढ़ जुंआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया।

#### सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन

इसी तरह आरोपी रामनाथ साहू उम्र 26 वर्ष साकिन खपरीखुर्द थाना ठेलकाडीह , खिलेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष साकिन सेम्हरा दैहान थाना ठेलकाडीह , टुमन निषाद उम्र 22 वर्ष साकिन खपरीखुर्द थाना ठेलकाडीह , छगन साहू उम्र 36 वर्ष साकिन संतोषी नगर लखोली द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब के नशे में चूर होकर मदहोश होना पाये जाने पर धारा 36 (च) आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया।

#### हो हल्ला कर उत्पात मचाया

पुलिस के अनुसार शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर अनावेदक सरजू यादव उम्र 40 वर्ष साकिन भरका पारा, आशीष श्याम कुंवर उम्र 30 वर्ष साकिन शांति नगर चिखली ,सोनू गजभिये उम्र 28 वर्ष साकिन शांति नगर चिखली द्वारा नशे के हालत में हो हल्ला कर उत्पात मचाते हुए शांति व्यवस्था भंग करना पाये जाने पर धारा 151 जा फौ के तहत मौके पर गिरफ्तार कर धारा 107, 116 (3) जा फौ के तहत इस्तगासा कायम कर प्रतिबंधित करने कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक. दरबारी तारम, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र देशमुख, जी सिरिल, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, कुश बघेल, अविनाश झा एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### बजरंग सेना की जिला अध्यक्ष की घोषणा



**राजनांदगांव।** बलभद्री जमात मंदिर में 12 जनवरी को बजरंग सेना की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बजरंग सेना के राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री की अनुशंसा पर नरेश कोचरे को बजरंग सेना का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे को राष्ट्रीय महासचिव अशोक शर्मा जी ने बधाई देते हुए बजरंग सेना के कार्यों से अवगत कराया गया एवं बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री जी ने आशीर्वाद देते हुए बधाई दी एवं बजरंग सेना के नियमों से अवगत कराया। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला संयोजक तामेश्वर साहू, जिला सह संयोजक राजकुमार ठाकुर एवं अन्य बजरंगी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### शिवपुराण कथा सुनने से होता है कर्तव्यों का बोध



**राजनांदगांव।** स्थानीय वार्ड नं. 5 चिखली शीतला मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री शिवपुराण कथा के तीसरे दिन आचार्य लुकेश्वरानंद दुबे ने बताया कि मनुष्यों को अपने कर्तव्यों का बोध शिव पुराण कथा सुनने से ही होता है। यह विडंबना है कि मनुष्य मृत्यु को स्वीकार नहीं करता। निष्काम से प्रभु की भक्तिभाव व स्मरण करने वाले मनुष्य अपने जन्म व मरन को सुधार लेते हैं। प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साथारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। शिव पुराण बताता है कि कर्म ऐसा करो कि प्रभु के चरणों में स्थान प्राप्त हो। आगे उन्होंने बताया की जिस स्थान में शिवपुराण कथा होती है वह स्थान काशी बन जाता है और आज जिस स्थान में यह कथा हो रही वह काशीमय हो गई है।

### कृमि मुक्ति दिवस का क्रियान्वयन 28 फरवरी तक

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का 10 से 28 फरवरी तक क्रियान्वयन किया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिला समन्वय समिति का गठन किया गया है। इसके अंतर्गत विकासखंड डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में फाईलेरिया (हाथी पांव) जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के लिए 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर फाईलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत 10 से 15 फरवरी 2024 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 16 से 24 फरवरी तक ड्रग एडमीनीस्टट्रर द्वारा सामुदाय स्तर पर गृह भेंट (घर-घर भ्रमण) कर तथा 26 से 28 फवरी तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराया जाएगा। संबंधित विभागों को आपसी समन्वय एवं सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पृष्ठ 7 का शेष

### वाहन चेकिंग के...

मामले को गंभीरता से लेते हुए निरीक्षक विजय मिश्रा के नेत्तृव में टीम गठित कर आरोपीयो की पता तलाश कर आरोपी नवीन शर्मा पिता रमेश शर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी गली नं 1 राम नगर मोतीपुर ओपी चिखली, राम किलकर राय पिता अखिलेश्वर राय उम्र 33 वर्ष सहदेव नगर, मुकेश सिंह पिता रविन्द्र सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी चंगोरा भाठा रायपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक थाना प्रभारी विजय मिश्रा , उप निरीक्षक राकेश पटेल, सउनि गोवर्धन देशमुख आरक्षक देवेन्द्र पाल एंव कमल किशोर, मुंजलाल ठाकुर की भूमिका सराहनीय रही।

## कलेक्टर ने कृषि सहित अन्य विभाग एवं बैंकर्स की ली संयुक्त बैठक

# किसानों, युवा उद्यमियों, महिलाओं को ऋण प्रदान करने की करें पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं शासन की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स की संयुक्त बैठक ली।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत किसानों को प्रति वर्ष तीन किस्तों में 6 हजार रूपए की राशि दी जाती है। जिले के किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए यह जरूरी है कि पंजीकृत किसानों के खाते का आधार सीडिंग होना चाहिए। उन्होंने कृषि विभाग एवं बैंकर्स को आपसी समन्वय के साथ आधार सीडिंग करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी दिक्कत के कारण जिन किसानों को योजना का लाभ नहीं मिला है। इस समस्या का समाधान समन्वित तरीके से करें। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं अन्य सभी बैंक ई-केवायसी तुरंत कराएं और किसानों की मदद करें। जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने सभी बैंकर्स से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा लोन तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। मनरेगा के श्रमिकों का आधार सीडिंग बहुत आवश्यक है। इसके लिए रोजगार सहायक समन्वय करेंगे यह कार्य प्राथमिकता से कराने की जरूरत है। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं किसानों से बैंक खाते में आधार सीडिंग किया जाना आवश्यक है, इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। डुप्लीकेसी जैसी समस्याएं भी हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 1 लाख 48 हजार 600 किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ ले रहे है तथा 4 हजार 588 नए किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग एवं पंजीयन के लिए कार्य जारी है। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा, प्रभारी सहायक संचालक मत्स्य श्रीमती बीना गढ़पाले सहित कृषि विभाग, राजस्व विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग एवं बैंकर्स व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



#### बैंकर्स बचा सकते है सामाजिक बुराईयों से

उन्होंने कहा कि वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों को भुईयां पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश दिए। वनाधिकार पट्टा प्राप्त किसानों को पंजीकृत करें, ताकि उन्हें भी शासन की योजना का लाभ मिल सके। किसानों को किसान क्रेडिट योजना से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने की आवश्यकता है। उद्यानिकी विभाग एवं पशुपालन विभाग अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड अभियान चलाकर बनाएं। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैंकर्स से कहा कि किसानों का कार्य बैंक से प्रत्यक्ष तौर से जुड़ा रहता है। कई बार किसान ऋण लेने के लिए अपनी चल-अचल संपत्ति गिरवी रख देते हैं। बैंकर्स किसानों को इस सामाजिक बुराई से बचा सकते हैं। अप्रत्यक्ष तौर पर आप उन्हें सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए सक्षम है और किसी के जीवन में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग एवं अन्य विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कहा।

### युवा प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा 14 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रक्तदान को जन अभियान बनने के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही सेवाभावी राष्ट्रीय संगठन द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन आगामी 14 जनवरी को किया गया है।

आगामी 14 जनवरी युवा प्रतिभा खोज ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी हेतु आज महावीर मंदिर में बैठक रखी गई, जिसमें परीक्षा के संबंध रूपरेखा तैयार किया गया साथ ही साथ परीक्षा प्रभारी को जिम्मेदारी दिया गया। प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बताया कि युवा प्रतिभा खोज परीक्षा में 9 वीं से 12 वीं के सभी विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। प्रदेश तकनीकी व संचार प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने बताया कि 14 जनवरी 2024 को दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी परीक्षार्थी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य है।

सभी परीक्षार्थी को स्मार्टफोन लेकर आना अनिवार्य होगा क्योंकि परीक्षा ऑनलाइन मोड में रखा गया है।

- दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल करेंगे
- युवा सत्र को वित्त मंत्री ओ पी चौधरी संबोधित करेंगे

# अग्र अलंकरण व प्रांतीय अधिवेशन आज से अनंत पैलेस में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का दो दिवसीय 16वां प्रांतीय अधिवेशन एवं अष्टम अग्र अलंकरण महोत्सव 13 जनवरी शनिवार को अग्रवाल सभा राजनांदगांव के आतिथ्य में अनंत पैलेस सीआईटी कॉलेज के पास संपन्न होने जा रहा है।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल द्वारा सुबह 11 बजे किया जायेगा। अध्यक्षता अभा अग्रवाल संगठन के चेयरमैन प्रदीप मित्तल द्वारा की जाएगी, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील गुप्ता (सांसद), सियाराम अग्रवाल (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष), अमर अग्रवाल (विधायक), गौरीशंकर अग्रवाल (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष), राजेश अग्रवाल (विधायक), जयसिह अग्रवाल (पूर्व मंत्री) उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अशोक अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल के अनुसार अग्रवाल समाज मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के वंशज है। अग्रकुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी, भगवान श्रीराम की 38वीं पीढ़ी में आते है। समिति ने जानकारी दी कि दो दिवसीय महोत्सव की व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी है, प्रतिनिधियों का आगमन देर रात्रि तक शुरू हो चुका है। 13 जनवरी को सुबह 11 बजे उद्घाटन सत्र के पश्चात दोपहर 12 बजे से प्रांतीय अधिवेशन का प्रथम सत्र होगा, जिसमे प्रांतीय स्तर पर प्राप्त विभिन्न विषयों एवम सुझावों पर चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।


छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल (राजू) एवं अशोक मोदी तथा महोत्सव के संयोजक नंदकुमार अग्रवाल ने बताया कि दोपहर भोजन पश्चात 2.30 बजे से प्रांतीय अधिवेशन एवम खुला सत्र होगा, जिसमें पूरे प्रदेश की विभिन्न अग्रवाल सभाओं के प्रतिनिधि एवम प्रांतीय प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की विशेष योजनाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न विषयो पर चर्चा निर्णय लेंगे । प्रांतीय युवा अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया ने जानकारी दी कि शाम 5 बजे से युवा सत्र होगा, जिसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ के वित्त , वाणिज्य कर, आवास एवम पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी करेंगे, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक त्रय गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर एवम रिकेश सेन उपस्तिथ रहेंगे। महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल ने बताया की शाम 6.30 बजे से महिला सत्र होगा मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर हेमा देशमुख एवम मोटीवेटर सुश्री जया मिश्रा (कोरबा) उपस्थित रहेंगे। महिला मंडल अध्यक्ष अनुराधा लोहिया के अनुसार रात्रि में बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।



अग्र अलंकर एवं प्रांतीय अधिवेशन को लेकर शहर में आज बाईक रैली निकाली गई।

### दो दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर आज से

**राजनांदगांव।** डेंटल क्लिनिक रॉयल डेंटेयर ग्रीन हाईटस कौरिनभाठा में मकर संक्रांति के अवसर पर डॉ.रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर एवं डॉ. नीतू सिंह ठाकुर द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क दंत परीक्षण शिविर का आयोजन 13 एवं 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे से किया गया है। जिसमें मरीजों का परीक्षण कर दांतों से संबंधित जानकारी दी जाएगी तथा शिविर में ईलाज हेतु रजिस्ट्रेशन करवाने पर विभिन्न दंत उपचारो में 10 से 50 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जायेगी।




# यातायात पुलिस का अभियान 116 चालकों से वसूला जुर्माना

**राजनांदगांव।** यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वालो के खिलाफ पुलिस का कार्यवाही अभियान जारी है जिसके तहत 11जनवरी को बिना हेलमेट 81 प्रकरण दुपहिया वाहन चालकों, तीन सवारी 15 प्रकरण, अन्य मो.व्ही. एक्ट के तहत 20 प्रकरण कुल 116 वाहन चालकों पर एम.व्ही एक्ट कार्यवाही कर 51,100 रूपये जुर्माना वसूल किया गया।

पुलस सूत्रों के अनुसार राहुल भगत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक एवं यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। बिना हेलमेट के 81 प्रकरणों पर कार्यवाही

जिसमें बिना हेलमेट में 81 प्रकरणों में 40500 रूपये, तीन सवारी 15 प्रकरण में 4500 रूपये एवं अन्य धाराओं में 20 प्रकरणों में 6100 रूपये कुल 116 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर कुल 51100 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया। 1 प्रकरण शराब पी कर वाहन चालक के विरूध्द कार्यवाही किया गया। बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों पर कार्यवाही लगातार जारी रहेगा।









## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को बैंकिंग विषय की विस्तृत जानकारी दी



**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल कवर्धा में अतिथि व्याख्यान अंतर्गत राज्य के स्कूल में चल रहे व्यासयिक शिक्षा के तहत विद्यार्थियों को बैंकिंग विषय अंतर्गत एसबीआई लाईफ के डेवलपमेंट मैनेंजर संजीव कुमार लहरे द्वारा कक्षा 9वी से 12 वीं तक की छात्र-छात्राओं को बैंकिंग उत्पाद के बारे में एवं बैंको में होने वाले ग्राहक सेवा व बैंक मे जमा एवं इनशोरेंस संबंधी एवं उत्पादों की बिक्री की जानकारी दी गई। यह जानकारी व्यावसायिक प्रशिक्षक शिवाकुमार सिन्हा द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य आरपी सिंग के मार्गदर्शन में अतिथि शिक्षक का व्याखायन किया गया।

### शासकीय महाविद्यालय कुई-कुकदुर में धूमधाम से मनाया गया युवा उत्सव




**हरिभूमि कुई-कुकदूर।** शासकीय महाविद्यालय कुई-कुकदूर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद के जयंती को विश्व युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा युवा नेता राहुल जैन ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ईकाई कुई-कुकदुर द्वारा युवा दिवस के उपलक्ष्य रंगोली, मेहंदी, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुई-कुकदुर में स्वामी विवेकानंद के 161वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिस पर भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता कृष्णा कुंभकार द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महाविद्यालय एसी वर्मा, भाजयुमो दशरथ कुंभकार, आशाराम शिव, सहोदरा माठले व छात्र-छात्राओं, सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### सही मायने में युवाओं के सच्चे प्रेरणा स्त्रोत है स्वामी विवेकानंदः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



**हरिभूमि कवर्धा।** अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थें। उन्होंने महाविद्यालय छात्र-छात्राओं को कहा कि स्वामी विवेकानंद सही मायने में युवाओं के सच्चे प्रेरणा स्त्रोत थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने किया, उन्होंने सनातन धर्म को विश्व पटल पर महिमा मंडित करने में स्वामी विवेकानंद का योगदान को याद किया। व्यख्याता नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े रोचक प्रसंग बताएं। इस कार्यक्रम अजय ठाकुर, मनीराम साहू, अनिल साहू ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के एनएसएस महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी सुश्री कविता कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता दीपक देवांगन, डॉ रिचा मिश्रा, संतोष कुमार डहरिया, डॉ सुनीता जाखड़, एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### कवर्धा महाविद्यालय में मनाया मतदाता जन-जागरूकता कार्यक्रम, लिए गए शपथ



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा स्थित पीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला निर्वाचन कार्यालय के प्राप्त दिशा-निर्देश के अनुसार किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय ऑडिटोरियम में जिन विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, उन्हें वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म सिक्स भरने की जानकारी दी गई। वहीं1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष होने वाले सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार कुलमित्र द्वारा स्टाफ तथा छात्र-छात्राओं को स्वस्थ मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में कविता कन्नौजे, भानुप्रताप सिंह, कृष्णा बंजारे, अस्मिता श्रीवास्तव व महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

## किसानों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# विधायक भावना ने शक्कर कारखाना का किया निरीक्षण, बंद विश्राम गृह का खुलवाया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शुकवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मार्यादित पण्डरिया का पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने निरिक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि किसी भी किसान की राशि बकाया न रहे और तय समय पर उनका भुगतान करें। साथ ही किसानों की सुविधा को पहली प्राथमिकता देते हुए समस्याओं का त्वरित निराकरण करने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

इस दौरान उन्होंने किसानों के बकाया भुगतान करने, सुचारू रूप से कार्यों के निष्पादन तथा कारखाने की उत्पादक क्षमता को बढ़ाते हुए किसानों को भी आर्थिक रूप से सशक्त बनाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा सर्वसुविधा युक्त नवनिर्मित किसान भवन का उद्घाटन कर किसानों की सेवा में समर्पित किया गया। निरिक्षण के दौरान किसानों के विश्राम भवन को बंद होने पर उसका ताला खुलवाया, उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा ही हमारी पहली प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से बनाने के लिए उनकी सुविधा एवं समुचित व्यवस्था का ध्यान रखना ही पहली प्राथमिकता है।

शुक्रवार को कारखाने में निरीक्षण के दौरान बहुत सी ऐसी व्यवस्थाएं हैं जो पुरानी चलती आ रही हैं जिन्हें अपग्रेड करने की बहुत आवश्यकता है वहीं किसानों की आय दुगुनी करने के उद्देश्य भी कारखाने की उत्पादक क्षमता को बढ़ाने के विषय में भी रुपरेखा तय की जा रही है, ताकि किसान अधिक से अधिक अपनी फसल बेच सकें और उन्हें अतरिक्त राशि प्राप्त होगी इसके साथ ही कारखाने की उत्पादक क्षमता बढ़ने से क्षेत्र के किसानों का भी समुचित विकास सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही जिन किसानों का बकाया भुगतान बाकी है उसका भी तत्काल भुगतान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। भावना बोहरा ने कहा कि गन्ना बेचने आने वाले किसानों से चर्चा के दौरान भी उन्होंने बहुत से विषयों जैसे कारखाने में उनके विश्राम, पानी व मूलभूत सुविधाओं के बारे में अवगत कराया था इसके संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा हुई है और किसानों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने की बात कही। वहीं गर्मी और बारिश में किसानों को समस्या होती थी, लेकिन अब इस भवन से उन्हें संरक्षण मिलेगा और तेज धूप एवं बारिश से राहत मिलेगी।

### किसानों के बकाया भुगतान के लिए जारी किए 4 करोड़ : भावना



पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने किसानों के हित को देखते हुए लगातार कार्य कर रहीं हैं। किसानों के अधिकार, सुविधा एवं उनकी समस्या के निराकरण के लिए तत्पर होकर उनके द्वारा समय-समय पर उनसे परिचर्चा के साथ ही साथ फसल बेचने वाले किसानों को विलंब से भुगतान मिलने की जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल विषय की गंभीरता को देखते हुए सम्बंधित अधिकारी से चर्चा की और नवम्बर माह से किसानों के बकाया भुगतान करने के लिए निर्देश दिए जिसके तहत लगभग 4 करोड़ रुपए की राशि प्रथम चरण हेतु किसानों के बकाया भुगतान के लिए जारी की गई। उन्होंने किसानों की सुविधा के विषय में कहा की कारखाने में किसनों को अपनी फसल बेचने से लेकर उसके भुगतान तक किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो, तत्काल किसानों को भुगतान की राशि प्राप्त हो इसके लिए कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने तथा आवश्यकता अनुसार उसमें सुधार करने के विषय में भी तत्काल प्रभाव से कार्य करने की बात कही है। किसान अपनी फसल लेकर आते हैं लेकिन कभी उन्हें टोकन मिलने में विलंब, कागजी कार्यवाही में देरी, पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, इसके मद्देनजर भी गंभीरता से हमने चर्चा की है और आने वाले अवरोधों तथा इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने की अधिकारियों से कही है। कारखाना के मेंटेनेंस क्योर की प्रगति, गन्ना क्षेत्र सर्वेक्षण की प्रगति, गोदाम में शक्कर भण्डार एवं शक्कर के उचित रख-रखाव और विक्रय तथा किसानो को भुगतान की प्रगति के विषय में भी जानकारी ली। साथ ही गन्ना कारखाना के अलग-अलग यूनिटों का निरीक्षण कर कार्य पद्धति की जानकारी ली शक्कर कारखाना में गन्ना के आवक एवं प्रसंस्करण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से शक्कर कारखाना में प्रतिदिन होने वाले उत्पादन के अलावा इसके लिए आवश्यक कच्चा माल आदि की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से प्रति एकड़ गन्ने का कुल उत्पादन तथा समर्थन मूल्य पर निर्धारित मूल्य आदि के संबंध में भी जानकारी ली।



### विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुई : विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बसनी में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पंडरिया द्वारा आयोजित बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का ग्राम पंचायत घोरपेंड्री के आश्रित ग्राम बसनी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय हाईस्कूल ज्ञान विज्ञान धाम मैदान में तीन दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई।

जिस पर आयोजक समिति व ग्रामवासियों द्वारा भव्य बाजे-गाजे व आतिशबाजी के साथ पुष्पमाला के साथ स्काउट गाइड द्वारा मार्च फास्ट कर सलामी दी। समापन प्रतियोगिता के दौरान 6 जोन के बालक-बालिकाओं ने क्रीड़ा में भाग लेने पहुंचे खिलाड़ियो के मैदान में सिक्का उछाल कर कबड्डी खेल का शुभारंभ किया, वही खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं द्वारा कर्मा-ददरिया, राऊत नाच, बस्तरीहा नृत्यकर शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी।

इस विकासखण्ड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन दिवस पर विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण की। उक्त कार्यक्रम मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, जिला मंत्री ओमयदु, नंदलाल चंद्राकर, विकास पांडेय, सुरेश दुबे, दिनेश मिश्रा, तुलस चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, नकुल पांडेय, मनोज जांगड़े, मनहरण साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष लिलवा चंद्राकर, उपसरपंच एव विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### बिना सूचना बोर्ड के कार्य कराया जा रहा



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में मिनी स्टेडियम कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम की लागत राशि लगभग 52 लाख रूपए की स्वीकृत राशि मिला है, जिसमें यह कार्य ग्राम पंचायत के माध्यम से किया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम पंचायत के माध्यम से जिसमें कौन से मद से क्या-क्या कार्य होना है, यह जानकारी ग्राम पंचायत व जिम्मेदारों द्वारा नही दिया जा रहा है। जिसमें शासन-प्रशासन से कार्य शुरू होने से पहले कितनी लागत राशि का स्वीकृती मिली है, कौन से एजेंसी है, यह सब बोर्ड के माध्यम से लिखा जाता है लेकिन ग्राम पंचायत कोलेगांव में ग्राम पंचायत व जिम्मेदारों द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। साथ ही साथ ग्राम पंचायत कोलेगांव के गरीब व मजदूर परिवार को रोजगार नहीं मिल रहा है वहीं कोलेगांव में मिनी स्टेडियम ग्राम पंचायत द्वारा सभी कार्य जेसीबी मशीन के माध्यम से कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है। जबकि शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ गरीब व मजदूर परिवार को मिलना चाहिए जो नही मिल पा रहा है। जिस पर ग्रामीणो नें शासन प्रशासन से मांग करते हुए मिनी स्टेडियम लागत राशि स्वीकृत हुआ है कौन से मद से कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी जानकारी संबंधित बोर्ड लगवाने की मांग की गई।

### शुभम सिंह परमार बने सीए समाज में खुशी का माहौल

- समाज व मित्रजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा



इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया आइसीएआइ ने मंगलवार को चार्टर्ड अकाउंटेंसी सीए फाइनल और इंटरमीडिएट नवंबर 2023 के नतीजे घोषित कर दिए। जिस पर ग्राम डुमरिया निवासी शुभम सिंह परमार महज 29 वर्ष की आयु में फाइनल परीक्षा पास कर सीए बनें।

मिली जानकारी के अनुसार इस कठिन परीक्षा को पासकर शुभम सिंह परमार के सीए बनने से आसपास क्षेत्र व ग्राम डुमरिया सहित समाज को गौरवांवित किया। श्री परमार एक मध्यमवर्गीय परिवार व राजपूत क्षत्रिय समाज से आता है। उनके पिता का स्वर्गवास शुभम परिहार के 5 वर्ष के उम्र में ही हो गया था, जिसके बाद जैसे-तैसे माता श्रीमती द्रोपति राजपूत ने जीविका चलाते हुए बच्चे का भरण पोषण कर आज इस मुकाम तक पहुंचाई। श्रीमती द्रोपति अपने पुत्र के सीए बनने से चेहरे खुशी से खिल उठें। उन्होने कहा कि इस मुकाम में पहुंचने का पूरा-पूरा श्रेय शुभम सिंह परमार व अपनी माता द्रोपती राजपूत को दिया। जिससे आसपास क्षेत्र व समाज व मित्रजनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭रवेली




शासकीय शहीद नरेंद्र शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में स्वामी विवेकानंद जयंती की 161वीं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर स्कूल प्रांगण में स्थित स्वामी विवेकानंद के मूर्ति में माल्यार्पण किया गया तथा स्वयंसेवक त्रिवेणी द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर सारगर्भित प्रकाश डाला गया, स्वामी विवेकानंद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संदर्भ में उद्बोधन मे संस्था के प्राचार्य ने बताया की रासेयो का सिद्धांत मै नही आप है रासेयो बैच को प्रतिक चिन्ह,अभिवादन, प्रेरणा पुरूष विवेकानंद, उद्देश्य, चयनात्मक गतिविधि,अनिवार्य गतिविधि और प्रमाण पत्र का महत्व, मूल उद्देश्य तथा कर्तव्य निष्ठ निस्वार्थ सेवा की मूल भावना से प्रेरित होकर किए गए कार्य के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार राजपूत ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई रवेली के स्वयंसेवकों द्वारा रासेयो राज्य प्रभारी सुश्री डॉ नीता वाजपेयी, कार्यक्रम समन्वक दुर्ग डॉ आरपी अग्रवाल, जिला संगठक डॉ कामती सिंह परिहार एवं संस्था प्राचार्य के मार्गदर्शन में स्वच्छता कार्य एवं जन-जागरूकता रैली, वृक्षरोपण कार्य, मतदाता जन-जागरुकता रैली, कोरोना से बचाव की जागरुकता रैली, बालिका शिक्षा, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ, बाल-विवाह की रोकथाम हेतू जागरूकता रैली, उचित पोषण आहार के संदर्भ मे रैली, हर घर तिरंगा रैली तथा अन्य सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास के संबंध में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियान की विस्तृत और उल्लेखनीय कार्य की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य कुमार सिंह साहू, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार राजपूत, व्याख्याता व्हीके शर्मा तथा समस्त शिक्षक स्टाफ तथा स्वयं सेवक राधिका, सोनिया यादव, सुमन चंद्रवंशी, स्मृति, प्रदीप साहू, सूर्य प्रकाश, रोशन तथा स्वयं सेवक मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वयंसेवक सुभाशनी ने किया।

### सीनियर सिटीजन समिति ने मनायी लाल बहादुर पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्ट्रेट सियान जतन में सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा गुरूवार को अध्यक्ष मदन तंबोली, सचिव चंद्रहास ठाकुर, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता, पूर्व कोषाध्यक्ष आरके पांडेय, वरिष्ठ सदस्य भंवरलाल लूनिया, सुरेंद्र कुमार नवीन, ईश्वरी सिंह ठाकुर, सूर्यकांत मणि पांडेय एवं समिति के प्रदेश प्रतिनिधि इंजीनियर एसएस जैन द्वारा देश के द्वितीय प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिस पर इंजीनियर एसएस जैन द्वारा स्व. लाल बहादुर शास्त्री के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लाल बहादुर शास्त्री का जन्म एक अत्यंत गरीब परिवार पर हुआ था और उन्हें नदी तैरकर पारकर स्कूल जाना होता था। उनके पास नाव से नदी पार कर स्कूल जाने के लिए नाव का किराया नहीं था, वे एक महान देशभक्त थे।

### लक्की ड्रा निकालकर विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत



**हरिभूमि बोड़ला।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत इस सत्र में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने वाले विद्यार्थियों को लक्की ड्रा निकालकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य आरके पाठक, आईक्यूएसी प्रभारी उमेश कुमार पाठक के दिशा-निर्देश एवं स्वीप सेल के नोडल अधिकारी सनत कुमार देवांगन के देख-रेख में सत्र के प्रारंभ से ही नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कई प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, ताकि महाविद्यालय के सभी 18 वर्ष से ऊपर के विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जुड़ जाए। इस तारतम्य में शुरुवात से ही प्रवेश हेतु आने वाले विद्यार्थियों को फॉर्म 6 भरवाया जा रहा था और उन सभी फॉर्म को इक्कठा करके संबंधित ग्राम पंचायत के बीएलओ को भेजवाकर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाया गया। इस सत्र में लगभग सैकड़ों विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाया गया। विद्यार्थियों को जन-जागरूक और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मतदाता सूची में में नाम जुड़वाने वाले विद्यार्थियों के बीच लक्की ड्रा कराने और पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा सत्र के प्रारंभ से ही किया गया। इसी कड़ी में शुक्रवार को युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के सामने लक्की ड्रा निकालकर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार सुखचंद सैयाम, द्वितीय चंद्रहासनी कोसले व तृतीय गीता पटेल को दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पदाधिकारी व शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

कार्रवाई : कोचिंग संस्थान का ताला तोड़कर जब्त किया गया सामान

# उड़ान कोचिंग संस्थान के खिलाफ नगर पालिका की बड़ी कार्रवाई

## नपा की कार्रवाई का कोचिंग में अध्यनरत विद्यार्थियों ने किया विरोध, दर्ज कराई लिखित शिकायत





हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका कवर्धा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने शुक्रवार को अचानक भयानक एक बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर के भारत माता कॉम्प्लेक्स में कांग्रेस शासन काल के दौरान शुरू की गई उड़ान कोचिंग संस्थान में दबिस देकर कोचिंग का सामान जप्त कर दिया और कोचिंग संस्थान को बंद करवा दिया। नगर पालिका सीएमओ का कहना है कि यह कोचिंग संस्थान अवैध रूप से नगर पालिका के कॉम्प्लेक्स में संचालित किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका प्रशासन की इस कार्यवाही से कांग्रेस तथा उड़ान कोचिंग संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थी लामबंद हो गए हैं और उन्होने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए इस कार्यवाही की शिकायत पुलिस अधीक्षक तथा जिला कलेक्टर से बकायदा आवेदन सौंपकर की है। हालांकि अभी तक शिकायत पर पुलिस व प्रशासन की कार्यवाही सामने नहीं आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह नगर के एकता चौक में उस समय हड़कंप मच गया जब नगर पालिका कवर्धा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरेश वर्मा दल बल के साथ यहां पहुंचे और नगर पालिका के भारत माता कॉम्प्लेक्स के ऊपरी तल में संचालित उड़ान कोचिंग संस्थान का ताला तोड़कर कमरे में रखी करीब सौ नग कुर्सी, टेबल, कुछ दस्तावेजों की विधिवत जप्ती बनाकर अपने साथ लाए ट्रेक्टर में भरकर ले गए और कोचिंग संस्थान को बंद करवा दिया। बताया जाता कि इस कार्यवाही की भनक लगते ही कोचिंग सस्थान में अध्यनरत विद्यार्थी प्रीति बंजारा, दुर्गा प्रसाद, ताम्रध्वज, चित्रण, खिलावन और कांग्रेस पार्षद मोहित माहेश्वरी ने इसका विरोध किया है। उन्होने नपा कि इस कार्यवाही को गलत ठहराते हुए इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक तथा जिला कलेक्टर से की है।

### विद्यार्थियों ने दर्ज कराई शिकायत

उड़ान कोचिंग संस्थान में अध्यनरत विद्यार्थियों ने नगर पालिका प्रशासन की कार्यवाही को अनुचित ठहराते हुए कहा कि यह कोचिंग संस्थान पूर्ववर्ति कांग्रेस शासन काल में प्रारंभ किया गया था। जिसमें जिले के सैकड़ों गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परिक्षाओं की पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन अब नगर पालिका की इस कार्यवाही के बाद इन विद्यार्थियों को नुकसान उठाना पड़ेगा और उन्हें बीच में ही अपनी कोचिंग छोड़नी पड़ेगी। ऐसे में उन्होने शासन प्रशासन से विद्यार्थियों के हित में कोचिंग संस्थान को जारी रखे जाने की मांग की है।

### नहीं हो रहा था नियमित संचालन

जानकारी के अनुसार कांग्रेस शासन काल में ठीक विधानसभा चुनाव के पूर्व खोली गई यह कोचिंग संस्थान कहने को तो गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कराने के लिए खोली गई थी और उड़ान संस्थान को बकायदा इसकी भुगतान भी शासन कर रहा था लेकिन कोचिंग का संचालन नियमित रूप से नहीं किया जा रहा था।

### कोचिंग संस्थान का अवैध संचालन

उड़ान कोचिंग संस्थान नगर पालिका के कॉम्प्लेक्स में किराए पर संचालित था जो की अवैध है। क्योंकि नगर पालिका के कॉप्लेक्सों को किराए में देने का कोई प्रावधान नहीं है। आने वाले समय में इन कॉम्प्लेक्सों की विधिवत नीलामी कराई जाएगी। इसलिए जो कार्यवाही की गई है वह नगर पालिका के नियमों के आधार पर की गई है।

**नरेश वर्मा, सीएमओ, नपा कवर्धा**

# धान खरीदी केंद्र दामापुर के प्रभारी दिनेश निलंबित

### धान खरीदी के बदले रिश्वत मांगने पर कार्यवाही

- पीड़ित किसान ने कलेक्टर के समक्ष वीडियों दिखाकर की थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



धान खरीदने के लिए किसान से पैसा मांगने की शिकायत पर कलेक्टर ने खरीदी केंद्र के प्रभारी को निलंबित कर दिया है। इस प्रकरण में उनके विरुद्ध अपराध दर्ज भी किया जाएगा।

इसके लिए कलेक्टर ने उपपंजीयक को निर्देश भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी के संबंध में पैसों की मांग किए जाने की शिकायत कलेक्टर जनमेजय महोबे को मिली थी। जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी केंद्र दामापुर के प्रभारी दिनेश चंद्राकर विक्रेता सेवा सहकारी समिति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम धिकुदिया (विपतपुर) निवासी किसान जगेश्वर वैष्णव ने धान खरीदी केंद्र दामापुर के प्रभारी दिनेश चंद्राकर विक्रेता के विरुद्ध धान खरीदी के संबंध में पैसों की मांग किए जाने का वीडियो फुटेज भी कलेक्टर को दिखाया था।

कलेक्टर ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान यह कृत्य प्रथम दृष्टया समिति में लागू कर्मचारी सेवा नियम के विपरीत प्रतीत हुआ।

इसके चलते दिनेश चंद्राकर विक्रेता सेवा सहकारी समिति दामापुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही खरीदी कार्य के लिए उनके स्थान पर डाटा एंट्री ऑपरेटर सुनीन कुमार सिंगरौल को धान खरीदी केंद्र दामापुर का प्रभार दिया गया है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय राजमाता विजया राजे सिंधिया महाविद्यालय कवर्धा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद लोकसभा राजनांदगांव संतोष पांडेय शामिल हुए। विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, प्राचार्य बीएस चौहान, चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, सविता ठाकुर, आनंद मिश्रा, अजय सिंह ठाकुर, लोकचंद साहू शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### 15 जनवरी से शुरू होगा सड़क सुरक्षा माह

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक लोगों को जागरूक करने सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिले में भी जागरूकता कार्यक्रम होंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण, नगरीय प्रशासन, परिवहन, पुलिस विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड्स एवं स्वयंसेवी, समाजसेवी संस्थाओं व विभिन्न संबंधित विभागों के समन्वय और सहयोग से सड़क उपयोगकर्ताओं, विशेष रूप से वाहन चालकों, विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, कार्यशाला, सेमीनार, नेत्र जांच शिविर सहित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम होंगे।

### कबीरधाम पहुंचेगा सड़क गुणवत्ता समीक्षक

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक इस माह छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के दौरे पर रहेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी में रमेश नानक राम होटवानी कबीरधाम जिले आएंगे।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिरों में होगी पूजा

**कवर्धा।** अयोध्या में श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में सुबह आरती और पूजा की जाएगी। इस दिन शाम को गंगा आरती भी होगी। इस मौके पर सभी शासकीय भवनों में आकर्षक रोशनी की जाएगी। कैबिनेट बैठक में प्रदेशवासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने श्री रामलला दर्शन योजना शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना में 18 से 75 आयु वर्ग के लोगों को श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या की यात्रा कराई जाएगी।

### छिरहा स्कूल में मनाया गया युवा दिवस

**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्णयानुसार सन 1984 को राष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया।

# अंचल में सक्रिय चोर गिरोह के 6 सदस्य किए गए गिरफ्तार

### गृह मंत्री के सख्त निर्देश के बाद पुलिस दिखा रही सक्रियता



- आरोपियों के कब्जे से गैस कटर व एक वाहन किया गया जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कांग्रेस शासन काल के दौरान जिले का जो पुलिस प्रशासन कोमा में नजर आ रहा था अब वह भाजपा के शासनकाल में और विशेष कर कवर्धा विधायक विजय शर्मा के डिप्टी सीएम तथा प्रदेश के गृह मंत्री बनने के बाद सक्रिय दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि जिले में लगातार अवैध शराब, जुआ सट्टा, सहित चोर उच्चकों की न सिर्फ धरपकड़ की जा रही है बल्कि उनके खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है।

इसी कड़ी में जिले की पंडरिया पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए चोरी की बारदात को अंजाम देने की जुगत भिड़ा रहे 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने इन चोरों के पास से चोरी की बारदातों को अंजाम देने में उपयोगी गैस कटर सहित अन्य सामान तथा एक वाहन भी जप्त किया है। बताया जाता है कि बीते दिनो पंडरिया थाना अंतर्गत रमतला-पेंड्री गांव में चोरी की वारदात हुई थी। अज्ञात चोरों ने गांव में संचालित एक गुड़ फैक्ट्री से गन्ना पैराई की क्रेशर मशीन और धर्मकांटा को ही उड़ा लिया था। इस बारदात के बाद पीड़ित द्वारा घटना की रपट पंडरिया थाना में दर्ज कराई गई थी और पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों की धरपकड़ के लिए गठित टीम ने विवेचना के दौरान आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगाला था जिस पर पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले थे साथ ही इस बात की भी जानकारी हुई थी कि चोर गिरोह अपने साथ गैस कटर लेकर चलता है और मौका देखकर बड़े-बड़े लोहे के सामनो को गैस कटर की मदद से टुकड़ों में काटकर उसे अपनी गाड़ी में भरकर चंपत हो जाता है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने अपने मुखबिरों को सक्रिय किया और इस चोरी की बारदात को अंजाम देने वाले चोर गिरोह के 6 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए चोर हाईटेक तरीके से चोरी की बड़ी-बड़ी वारदातों को अंजाम देने में माहिर थे। पुलिस अब इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है। संभावना जताई जा रही है कि इनके गिरोह में अन्य सदस्य भी हो सकते हैं।

### पुलिस ने बिछाया मुखबिरों का जाल

पुलिस के मुताबिक 11 जनवरी की सुबह को पुलिस को खबर मिली की एक शख्स बड़ी मात्रा में लोहा बेचने पहुंचा है। पुलिस को मुखबिर ने बताया कि ये उसी गैंग से जुड़ा है जिसने हाल के दिनो में रमतला-पेंड्री गांव में चोरी की बारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचन पर तुरंत मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की और रेड के दौरान युवक से कड़ाई से पूछताछ की गई। पकड़ा गया शख्स पुलिस के आगे टूट गया और उसने पूरा राज खोल दिया। पकड़े गए शख्स की निशानदेही पर पुलिस ने पूरे गिरोह को धरदबोच लिया।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए ली गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए विशेष आत्मरक्षा शिविर लगाया गया जिसमें शामिल 200 से अधिक छात्राओं को सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के जिला नोडल अधिकारी संदीप कुमार अग्रवाल ने संबोधित करते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस वर्ष लोकसभा आम चुनाव होने वाला है जिसमें लोकतंत्र की मजबूती के लिए आप अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिनका नाम मतदाता सूची में अंकित नहीं हुआ है वे अपने निकटतम बूथ में जाकर बीएलओ के माध्यम से अपना नाम जुड़वा लें। आगे उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि किसी भी युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से न छूटे। विदित हो कि जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील की जा रही है कार्यक्रम का संचालन स्वीप कार्यक्रम के सहायक नोडल अधिकारी एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन अवधेश नंदन श्रीवास्तव ने किया। आभार प्रदर्शन लखन सिंह कंवर सहायक प्राध्यापक, कन्या महाविद्यालय ने किया। आत्मरक्षा कार्यक्रम की प्रभारी निकिता डड़सेना, सरिता साहू, भारती, सविता तिवारी, डालेश्वरी साहू, उत्तरा साहू आदि उपस्थित थे। आकाश राजपूत, मनीष एवं कुमुद मिश्रा ने छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया।

### कॉलेज में मनाई विवेकानंद जयंती



**कवर्धा।** नगर में संचालित शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में युवा कांग्रेस, एनएसयूआई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई। इस अवसर महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि स्वामी जी युवाओं के प्रेरणा स्रोत, महान दार्शनिक, शिक्षाविद रहे। स्वामी जी ने हमेशा भारतीय युवाओं के धार्मिक, शरारिक, मानसिक, बौद्धिक तथा सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास किया। साथ ही उस समय महिला की दयनीय स्थिति देखकर उनके शिक्षा सम्मान के लिए आवाज उठाई। इस कार्यक्रम में एनएसयूआई अध्यक्ष शीतेष चंद्रवंशी, हेमंत ठाकुर, विक्की लहरे, अमन वर्मा, सोनू कौशिक, मेहुल सत्यवंशी, नरेंद्र वर्मा, राहुल चंद्रवंशी, तुकेश कौशिक, सुमेंद्र चंद्रवंशी, सुभम, देवेंद्र साहू, बृजलाल, सूरज ठाकुर,जीवन बंजारे, इंद्रेश पटेल, कोमल पटेल, निलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# अघोरपीठ में निः शुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया की हाफ नदी के पास स्थित अघोर पीठ श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान में 13 जनवरी को विशाल निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें अनुभवी व कुशल डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा। श्री सर्वेश्वरी समूह संस्थान ने बताया कि निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सभी लोगों को स्वास्थ्य और निरोगी जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। 13 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाई का वितरण किया जायेगा। जिसमें संभवतः सभी बिमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएगी।

आयोजकों के मुताबिक शिविर में कवर्धा से नेत्र चिकित्सक, पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से शासकीय डॉक्टर और बिलासपुर के निजी अस्पताल के अनुभवी डॉक्टर उपस्थित रहेगें।

इस शिविर में विभिन्न प्रकार की बिमारियां जैसे सर्दी, जुकाम, खांसी, लकवा, पक्षाद्यात, चर्म रोग, बवासीर, खुजली, अमवात, गठियावात, जोड़ों का दर्द, छाती रोग, गैस, पीलिया आदि की दवाईयां निःशुल्क प्रदान कराई जायेगी।

दस संकुलों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने मैदान में दिखाई खेल प्रतिभा

# बिरकोना में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत ग्राम बिरकोना में आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका समापन शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष एवं भाजपा के युवा नेता विरेन्द्र साहू उपस्थित थे। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिरकोना में आयोजित इस जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 10 संकुलों के स्कूलों में अध्यनरत बच्चों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार जोहर दिखाया। जिसमें संकुल दशरंगपुर, पनेका, इंदौरी, कोसमंदा, झिरौनी, धमकी, बम्हनी, गुढा, मानिकचौरी, बिरकोना के विद्यार्थी व शिक्ष-शिक्षिकाएं शामिल थी। प्रतियोगिता के समापन समारोह में उपस्थित मुख्यअतिथि विरेन्द्र साहू ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में जीत हार सिक्के के दो पहलू है। हम अगर कोई खेल खलते हैं तो उसमें या तो जीत होती है या फिर हार होती है और फिर यह भी सही है कि जब कोई हारता है तभी सामने वाले को जीतने का मौका मिलता है। इसलिए हारने वाले को कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी गलतियों से सीख लेते हुए अगली प्रतियोगिता के लिए तैयारी करनी चाहिए। उन्होने कहा कि यह शासन की जानदार पहल है कि वह पढ़ाई लिखाई के साथ ही खेलों को भी बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों के बीच इस तरह की खेत प्रतियोगिताएं आयोजित करा रही है। श्री साहू ने कहा कि खेल हमे जीने की कला, अनुशासन, संघर्ष तथा संगठित होकर कार्य करना सिखाता है। खेल खेलने से हमारा शरीर तो स्वस्थ्य होता ही है साथ ही मन भी स्वस्थ्य और प्रफुल्लित रहता है। इसलिए सभी बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद की विभिन्न विधाओं में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होने प्रतियोगिता में सफल खिलाडिय़ों का पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेश साहू जनपद सदस्य, सरपंच कीर्ति चंद्रवंशी, लक्ष्मण साहू, बेदराम चंद्रवंशी, बसंत चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# कुण्डा शिव महापुराण कथा सप्ताह का समापन 14 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा



तहसील कुण्डा अंतर्गत ग्राम केशाली खुर्द के चंद्राकर परिवार द्वारा 6 जनवरी से 14 जनवरी 2024 तक नव दिवसीय भक्तिमय एव मंगलमय श्रीमद् शिव महापुराण कथा एवं वार्षिक श्राद्ध का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम केसली खुर्द निवासी मंत्रा कंप्यूटर इंसट्रिट्यूट कुण्डा के संचालक एवं युवा कुर्मी समाज के प्रदेश अध्यक्ष जलेश चंद्राकर के माता श्री स्व.श्रीमति नंद बाई चंद्राकर के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् शिव महापुराण सप्ताह के तहत 6 जनवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली गई तथा शिवपुराण महात्म्य कथा 7 जनवरी, नारद मोह कुबेर चरित्र कामदेव लीला, 8 जनवरी को सती जन्म सती विवाह शरीर त्याग कथा 9 जनवरी को पार्वती जन्म शिवपार्वती विवाह, 10 जनवरी को स्वामी कार्तिकेय जन्म गणेश जी जन्म एवं पार्थिव शिवलिंग पूजा, 11 जनवरी को शिवजी की विभिन्न अवतारों की कथा, 12 जनवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राकाट्य कथा, 13 जनवरी को महाशिवरात्रि महात्म्य चढ़ोत्री तथा 14 जनवरी को शिव गीता पूर्णाहुति वार्षिक श्राद्ध का आयोजन होगा। जिसमें कथा वाचक शमनोजचंद्र दास वैष्णव पिपरिया परायनकर्ता पण्डित सुमित मिश्रा ग्रामाचार्य शिवकुमार, यजमान श्रीमति माया, जलेश चंद्राकर शामिल है। कथा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से हरिइच्छा तक आयोजित है।